हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 28 जून 2026



# कवर्धा जिले में 30% बीज का ही वितरण, एमएमसी में भी आंकड़े पिछड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

खरीफ सीजन की शुरूआत के साथ ही क्षेत्र में कृषि गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ ली है। किसानों की सहूलियत और समय पर बुवाई सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता और कृषि विभाग द्वारा बीजों के भंडारण और वितरण की व्यवस्था की जा रही है। शुरूआती दौर में बीज को लेकर संकट की स्थिति नजर आ रही थी। हालांकि अब बीज का भंडारण बढ़ने लगा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार केवल कवर्धा में ही मांग के मुकाबले 30 फीसदी वितरण हुआ है, शेष तीनों जिलों में वितरण का प्रतिशत बेहतर देखने को मिल रहा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस साल चारों जिलों को मिलाकर अब तक कुल 22988.06 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है। जिसमें से 15626.16 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है। इन चारों जिलों में सबसे कम भंडारण कबीरधाम जिले में हुआ है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि किसान पिछले पखवाड़े से खेती के कामों में जुट गए हैं और उन्हें बीजों की सख्त जरूरत है। कम भंडारण के चलते बाजार में कालाबाजारी बढ़ने की आशंका है। हालांकि प्रशासन समितियों में उपलब्धता की लगातार निगरानी कर रहा है। इस साल के भंडारण और वितरण के आंकड़ों की तुलना पिछले वर्ष की कुल खपत से की जाए, तो विभाग के सामने आने वाले दिनों में वितरण को और तेज करने की चुनौती होगी। पिछले वर्ष इन चार क्षेत्रों में 24952.10 क्विं. बीज का वितरण किया गया था।

## मानसून की बेरूखी से किसान परेशान, खाद के साथ बीज के संकट ने भी बढ़ाई दिक्कतें

### नांदगांव की स्थिति बेहतर

वर्तमान स्थिति को देखें तो राजनांदगांव जिले में बीज की स्थिति सबसे बेहतर नजर आ रही है। यहां इस साल अब तक 11004.46 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है। इसमें से 7792.70 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है और समितियों के पास 3211.76 क्विंटल बीज सुरक्षित बचा है। जबकि पिछले साल यहां 10426.16 क्विंटल बीज बंटा था। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में इस बार कुल 4893.60 क्विंटल बीज का भंडारण हुआ है। इसमें से 3889.00 क्विंटल का वितरण किया जा चुका है और समितियों के पास 1004.60 क्विंटल बीज का स्टॉक शेष है। पिछले साल यहां 5511.40 क्विंटल बीज वितरित हुआ था।



### वितरण में तेजी जरूरी

इसी तरह मोहला मानपुर चौकी जिले में अब तक 3897.40 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है। किसानों को 2626.20 क्विंटल बीज का वितरण हो चुका है और 1271.20 क्विंटल स्टॉक में बचा है। जबकि पिछले साल यहां 4230.40 क्विंटल बीज की खपत हुई थी। इसके विपरीत कबीरधाम जिले में बीज का भंडारण सबसे कम हुआ है। यहां अब तक केवल 3192.60 क्विंटल बीज ही भंडारित हो पाया है। इसमें से महज 1318.26 क्विंटल बीज बांटा गया है। जबकि 1874.34 क्विंटल स्टॉक अभी भी समितियों के पास है। पिछले साल यहां 4784.14 क्विंटल बीज का वितरण किया गया था।

## राजस्व के पंचायतों में वितरण और उपयोग को लेकर बदला नियम

# डीएमएफ बंटवारे में बदलाव: पंचायतों को राशि के वितरण का फार्मूला बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने गौण खनिजों से प्राप्त रॉयल्टी राजस्व के पंचायतों में वितरण और उसके उपयोग को लेकर नई व्यवस्था लागू कर दी है। खनिज साधन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व का एक हिस्सा सीधे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। जबकि शेष राशि का बंटवारा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के बीच निर्धारित स्लैब के आधार पर किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

सरकार ने 10 अक्टूबर 2012 को जारी पुराने आदेश में आंशिक संशोधन करते यह नई व्यवस्था लागू की है। आदेश के मुताबिक छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत पूर्ववत वित्तीय वर्ष में गौण खनिजों से प्राप्त कुल राजस्व का 33 प्रतिशत हिस्सा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दिया जाएगा। इसके बाद शेष 67 प्रतिशत राशि का वितरण संबंधित पंचायत संस्थाओं के बीच किया जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत जिन क्षेत्रों में गौण खनिज से प्राप्त राशि 7.50 लाख रुपए तक होगी, वहां पूरी राशि ग्राम पंचायत को मिलेगी। 7.50 लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक की राशि में ग्राम पंचायत को 80 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 10-10 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। इसी प्रकार 10 लाख रुपए से 25 लाख रुपए तक की राशि ग्राम पंचायत को 70 प्रतिशत और जनपद व जिला पंचायत को 15-15 प्रतिशत हिस्सा दिया जाएगा। 25 लाख रुपए से 50 लाख रुपए तक की राशि पर ग्राम पंचायत का हिस्सा 60 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत का हिस्सा 20-20 प्रतिशत रहेगा। वहीं 50 लाख रुपए से अधिक की राशि होने पर ग्राम पंचायत को 50 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 25-25 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा।

## ग्रामीण इलाकों में तेजी से बढ़ेगी विकास की रफ्तार



### प्रभावित इलाकों में खर्च होगी राशि

नई नीति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिला पंचायत को मिलने वाली राशि का उपयोग केवल उन्हीं क्षेत्रों के विकास कार्यों में किया जाएगा, जहां खनन गतिविधियां संचालित हो रही है। इसके लिए क्षेत्र खनन स्थल से 15 किलोमीटर की परिधि के भीतर होना चाहिए और वहां खनन के प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे हो। इससे खदान प्रभावित गांवों और बस्तियों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है।

### 2022-23 से लागू मानी जाएगी नई व्यवस्था

आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और उससे पूर्व की अवधि में वितरित राशि का उपयोग पुराने आदेश के अनुसार ही किया जाएगा। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 और उसके बाद प्राप्त होने वाली गौण खनिज राजस्व राशि का वितरण और व्यय नई व्यवस्था के तहत किया जाएगा। पुराने आदेश के अन्य प्रावधान यथावत बने रहेंगे।

खनिज साधन विभाग का यह निर्णय ऐसे समय आया है, जब खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं और स्थानीय विकास कार्यों को लेकर लगातार मांग उठती रही है। नई व्यवस्था के जरिये सरकार ने राजस्व के उपयोग को अधिक लक्षित बनाते खदान प्रभावित क्षेत्रों तक विकास का लाभ पहुंचाने की कोशिश की है।

### स्कूलों, अस्पतालों पर खर्च की अनुमति



सरकार ने पंचायतों को मिलने वाली राशि के उपयोग के लिए कुछ नए कार्य भी शामिल किए हैं। अब इस राशि से स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में ओवरहेड टैंक सहित रनिंग वाटर की सुविधा विकसित की जा सकेगी। सामुदायिक शौचालयों में पानी की व्यवस्था, मुक्तिधाम निर्माण एवं संधारण, वहां तक पहुंच मार्ग का निर्माण तथा वाचनालयों की स्थापना जैसे कार्य भी इस मद से किए जा सकेंगे।

# बाइक से शराब लाते दो गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 55 पाव देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 जून को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बोरतालाव रोड की ओर से निर्धारित मात्रा से अधिक शराब लेकर आ रहे हैं, जिस पर पुलिस ने मौके पर नाकाबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 55 पाव देशी प्लेन शराब तथा बाइक बरामद हुई।

**आरोपियों पर कार्रवाई:** पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते दोनों आरोपियों शत्रुहन उर्फ करण 20 वर्ष निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़ व तोरण पटेल 22 वर्ष निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक भूषण चंद्राकर, प्रधान आरक्षक रूपेश देवांगन, आरक्षक अशोक यादव, किशन चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# बस स्टैंड के पास गांजा तस्करी, दो गिरफ्तार

- बैग में छिपाकर रखे थे गांजा के पैकेट
- चिचोला पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बैग में अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री हेतु बस स्टैंड के पास खड़े दो तस्करों को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। पकड़े गए आरोपियों से 23.270 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा चलाए जा रहे मादक पदार्थ रोकथाम उन्मुलन अभियान हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस कीर्तन राठौर व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केसरीनंदन नायक के दिशा-निर्देशन पर पुलिस चौकी प्रभारी चिचोला निरीक्षक योगेश पटेल व स्टाफ द्वारा दो गांजा तस्करों को पकड़ा गया। आरोपियों का कृत्य धारा-20 बी एनडीपीएस का घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। संपूर्ण कार्रवाई में चौकी प्रभारी योगेश पटेल, सहित अन्य स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 26 जून को रात्रि के समय पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि चिचोला बस स्टैंड के पास 2 व्यक्ति बैग में मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना पर संदेहियों को तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा। नाम-पता पूछने पर अपना नाम मोहम्मद समीर 28 साल व आयाज खान 39 वर्ष निवासी अकोला जिला महाराष्ट्र बताया। जिनके कब्जे से दो अलग-अलग बैग में 10-10 पैकेट मादक पदार्थ गांजा टेप लगा हुआ, कुल वजन 23.270 किलोग्राम कीमती 10,10000 रुपए बरामद हुआ। जिसको गवाहों के समक्ष जब्ती कार्रवाई किया गया।

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

# खाद छोड़ने आए ड्राइवर की ट्रक की केबिन में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राजनांदगांव से अंबागढ़ चौकी नगर पहुंचे खाद से भरी सरताज ट्रांसपोर्ट की ट्रक ड्राइवर की शनिवार सुबह गाड़ी के केबिन में सोए हुए परिस्थिति में शव मिलने से हड़कप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव के सरताज ट्रांसपोर्ट की ट्रक क्रमांक सीजी-08-बी-1795 में अंबागढ़ चौकी बाजार चौक के व्यापारी खंडेलवाल ट्रेडर्स में शुक्रवार दिन को खाद भरकर पहुंची खाद अनलोड होने के बाद व्यापारी के गोदाम के सामने गाड़ी खड़ा कर ड्राइवर पुनीत मंडावी राजनांदगांव निवासी सो गया। शनिवार सुबह ट्रक के केबिन के भीतर सोए हुए अवस्था में ड्राइवर मृत मिला। घटना की खबर पाते ही अंबागढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रक मालिक तथा ड्राइवर के परिजनों को सूचना देते हुए पीएम कराया गया। पुलिस अपनी जांच कर रही है।

### खाद लेकर पहुंचा था

खाद लेकर ड्राइवर अंबागढ़ चौकी पहुंचा था। रात को सोए हुए अवस्था में उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि ड्राइवर की मौत हार्टअटैक से हुई है। आगे की जांच कार्रवाई किया जा रहा है।

- **अश्वनी राठौर**, थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी

**संजीवनी** नर्सिंग होम


हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**स्त्री रोग विभाग**

उपलब्ध सुविधाएं...
- सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
- सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
- सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
- लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
- बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
- स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
- चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार

OPD : 1 PM to 5.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### स्कूलों में प्रवेशोत्सव का दौर जारी



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला सनडोंगरी में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर जनपद सभापति पुरुषोत्तम साहू ने किया। अध्यक्षता सावित्री यादव ने की। विशिष्ट अतिथि कुमेश साहू, सुरेंद्र वर्मा, खेम सिन्हा थे। प्रधान पाठक लादूराम साहू स्वागत उद्बोधन में विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान बच्चों को साफा पहनाकर मुंह मीठा कराते हुए स्वागत किया गया। प्रधान पाठक ने बच्चों को बेल्ट दिया। इस दौरान कक्षा में प्रथम एवं अधिक दिन उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत न्योता भोज कराने वालों को भी सम्मानित किया गया। महिला समूह के पदाधिकारी, पालक के सहयोग से बच्चों को खीर, पूड़ी,पापड़ खिलाया गया। इस दौरान युगल किशोर साहू, जीवन यादव, जलेश्वर वर्मा, वंदना वर्मा, सुनैना यादव, विमला वर्मा, कमल यादव, रविता कंवर, निर्मला यादव, मोहन वर्मा आदि उपस्थित थे।

**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद अतिथि एवं शिक्षकों ने छात्रों का स्वागत किया। छात्रों को निःशुल्क पुस्तक दिया गया। इस अवसर पर राधे मोहन वैष्णव, लोमश वैष्णव, वीरेन्द्र जंघेल, संतोषी जंघेल, प्राचार्य नारायण लाल कामडे, खेमराज सिन्हा, कोमल नारायण वर्मा, हेमलता वैष्णव, शिव कुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, पारस मणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, बबीता ठाकुर, दीपाली जंघेल, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल, बिसनाथ पाल, पुष्कर धुर्वे सहित अन्य मौजूद रहे।



**डोंगरगांव।** प्राथमिक विद्यालय बरगांव में नवीन शिक्षा सत्र का शुभारंभ प्रवेशोत्सव के साथ हुआ। मुख्य अतिथि जनपद सभापति विवेक मंडावी थे। अध्यक्षता पूर्व सरपंच सेवाराम खुटियारे ने की। विशिष्ट अतिथि चेतन मानिकपुरी, डोमारसिंह मंडावी तथा शांतनु साहू थे। इस मौके पर संकुल प्राचार्य इंदु बरगाह, संकुल समन्वयक नीलमनी साहू, मनराखन देवांगन, रमा भीमटे, शबाना हाशमी, सरिता यादव सहित अन्य मौजूद थे। अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुँह मीठा कराते हुए स्वागत किया। उन्हें नियमित विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने प्रेरित किया। अंत में श्रीमती बरगाह ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सेहागबाई, फुलकंदर बाई, अंजूबाई, संगीताबाई, जयंत्री बाई, शारदा, ज्योति, रवती, सेबाली, कमला, रेनुका आदि उपस्थित थी।



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला नया अछोली में नए शैक्षणिक शिक्षा सत्र आगाज प्रवेशित बच्चों के स्वागत के साथ हुआ। शाला में आयोजित प्रवेश उत्सव में बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया। तत्पश्चात पुस्तक एवं ड्रेस प्रदान किया गया। इस मौके पर सरपंच नंदकुमार साहू, पुखराज साहू, सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, रामप्रसाद वर्मा, प्रेमदास साहू, भारत लाल साहू, प्राचार्य मोहनलाल साहू आदि मौजूद थे।



### शरबत का वितरण



**सड़क अतरिया।** नर्मदा में शुक्रवार को मुस्लिम समाज ने मोहर्रम पर्व मनाया। इस मौके पर समाज के युवाओं ने इमाम हसन एवं इमाम हुसैन की याद में शरबत वितरण किया। इस अवसर पर कलीम खान, इक़बाल बेग, इमरान बेग, इरफान खान, अल्ताफ खान, शब्बू खान, फरहान आदि मौजूद थे।

### पशु तस्करों पर कार्रवाई की मांग

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ एवं बोरतलाव थाना क्षेत्र से बड़े पैमाने पर पशु तस्करी के मामले को लेकर हिंदू जागरण मंच ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। संगठन का आरोप है कि क्षेत्र से प्रतिदिन गाय, भैंस सहित अन्य मवेशियों की तस्करी की जा रही है। तस्कर इन पशुओं को महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न कट्टीखानों तक पहुंचा रहे हैं। कुछ स्थानीय लोग भी इस नेटवर्क में शामिल है। हिंदू जागरण मंच ने एसपी को बताया कि कुछ स्थानों पर डेयरी की आड़ में पशुओं को रखा जाता है और बाद में उन्हें बाहर भेज दिया जाता है। मंच ने डोंगरगढ़ और बोरतलाव थाना क्षेत्र से गुजरने मवेशी वाहनों की सघन जांच एवं पशु तस्करी में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंच ने चेतावनी देते हुए कहा कि पशु तस्करी पर रोक लगाने आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा।

### सिवनीकला में कृषि यंत्रों का प्रशिक्षण

**बेलगांव।** सिवनीकला में वृंदावन महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित कस्टम हायरिंग सेंटर के सदस्यों को कृषि यंत्रों के संचालन एवं रख-रखाव का प्रशिक्षण दिया गया। यह आयोजन समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया। प्रशिक्षण के दौरान रोटावेटर, रीपर, सीड ड्रिल, पावर टिलर, अर्थ ऑगर सहित अन्य कृषि यंत्रों के संचालन, उपयोग एवं रख-रखाव की जानकारी दी गई। उपकरणों की नियमित सफाई, मरम्मत एवं रजिस्टर संधारण संबंधी जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर भाया सिंह झरे, नंदलाल साहू, कविता देशलहरे, साक्षी वर्मा, अंकिता गोस्वामी एवं प्रदीप सिन्हा उपस्थित थे।



### प्रतिनिधि मंडल मिला मंत्री से



**एलबी नगर।** तहसील सतनामी सेवा समिति लाल बहादुर नगर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गत दिनों केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से मुलाकात कर समाजिक सुरक्षा न्याय, अधिकारिता और विकास पर चर्चा की।

## गर्मी और उमस से लोगों को मिली राहत

# लंबे इंतजार के बाद जमकर बरसे मेघ, बोनी ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खरीफ फसल की बोनी शुरु करने के लिए किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार था। आषाढ़ मास लगने के दो दिन पहले शुक्रवार को हुई बारिश से किसानों को राहत मिली है।

कुछ जगहों पर शनिवार को भी बारिश हुई। बारिश नहीं होने से फसल बोआई को लेकर किसान काफी चिंतित थे। शुक्रवार को गर्मी और उमस की बीच मौसम में बड़ा बदलाव आया और क्षेत्र में करीब डेढ़ घंटे तक बारिश हुई। खरीफ फसल बोआई के लिए खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है। शनिवार से कृषक फसल बोआई में जुटे नजर आए। कुछ स्थानों पर बारिश अधिक होने से खेतों में जरूरत से अधिक नमी आ जाने से बोनी में रूकावट आई। बारिश के बाद क्षेत्र में सोयाबीन, उड़द, मुंग, अरहर सहित धान की रोपाई भी शुरू हो गई है।

### खाद की किल्लत बरकरार

क्षेत्र में खाद की किल्लत बनी हुई है। किसानों को सोसायटी से डीएपी, यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रही। वहीं दूसरी ओर दुकानों में खाद दो से तीन गुना अधिक दाम पर बिक रही है। किसानो को मजबूरी में दुकानों से खाद लेना पड़ रहा है।



### खेती पर महंगाई का असर

जानकारी के अनुसार अन्य वर्षों की तुलना इस बार खरीफ फसल का उत्पादन लागत काफी बढ़ गया है। कृषक बैजूराम जंघेल ने बताया कि बीजों के दाम काफी बढ़ गए है। पर्याप्त खाद नहीं मिल रही है। डीजल की कीमत बढ़ गई है जिससे फसल बोआई में लागत अधिक आ रही है। मजदूरों की किल्लत व मजदूरी दर बढ़ने से अतरिक्त भार सहना पड़ रहा है।

### कम अवधि वाला धान लगाने की सलाह

मौसम विभाग ने सामान्य से कम बारिश होने के संकेत दिए हैं जिसे देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को कम अवधि में पकने वाले धान की बोआई करने की सलाह दी है। कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग ने बताया कि बारिश कम होने की स्थिति में कम अवधि में पकने वाला धान बोआई करना किसानों के लिए फायदेमंद होगा। लंबी अवधि के धान के लिए पर्याप्त वर्षा नहीं होने पर नुकसान हो सकता है।

## लंबित बाइपास निर्माण की मांग ने पकड़ा जोर

**डोंगरगढ़।** प्रस्तावित परिक्रमा पथ को लेकर नागरिक कई सवाल उठा रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि शहर की पुरानी बाईपास सड़क निर्माण की मांग को प्राथमिकता देना चाहिए। उनका तर्क है कि वर्तमान में भारी वाहनों के शहर के बीच से गुजरने के कारण जाम, प्रदूषण, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



### जनजागरण अभियान

परिक्रमा पथ और बाईपास सड़क को लेकर जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में यह बताया जा रहा है कि परिक्रमा पथ से जनता को क्या लाभ मिलेगा? साथ ही इस बात पर सवाल उठाया जा रहा है कि रोडमैप अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया है? लोगों का मानना है कि इस पूरी विस्तृत जानकारी प्रशासन को साझा करना चाहिए।

### बाइपास निर्माण आवश्यक

नागरिकों का कहना है कि शहर को बाईपास सड़क की आवश्यकता है। बाईपास बनने से भारी वाहनों की आवाजाही बाहर से होगी, जिससे यातायात सुगम होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी,। ईंधन और समय की बचत होने के साथ श्रद्धालुओं, व्यापारियों और नागरिकों को सुविधा होगी। अभियान के माध्यम से बाईपास परियोजना को प्राथमिकता देने, परियोजना की जानकारी सार्वजनिक करने तथा जनता की राय लेकर निर्णय करने की मांग किया जा रहा है।

## कांग्रेस की बैठक में बनी आंदोलन की रणनीति



**सड़क अतरिया।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी गंडई की मासिक बैठक ग्राम पंचायत पैलीमेटा में आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह ख़ुशरो एवं ब्लाक अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल ने कहा कि संगठन को मजबूत करने, बूथ कमेटियों की समीक्षा और जन समस्याओं को उठाने के लिए नियमित बैठक आयोजित की जाएगी। बूथ और पंचायत स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियमित बैठक कर नए लोगों को जोड़ने तथा पुराने लोगों से संवाद कर पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में बढ़ती महंगाई, बिजली कटौती, सड़कों की जर्जर स्थिति, खाद- बीज की समस्या और स्थानीय समस्याओं के खिलाफ आंदोलन करने पर विचार किया गया। बैठक में ममता राजेश पाल, धर्मेंद्र मंडावी, टीकम साहू, दिलीप ओगरे, रितेश अग्रवाल, दिलीप नागवंशी, शैलेंद्र जायसवाल, अमित टंडन, कुंभलाल धुर्वे, घुरेलाल नागवंशी, गोवर्धन साहू, डीलेश साहू, बेदूल वर्मा, मोहन साहू, निरंजन धनकर, नरसिंग साहू, मोतीलाल मरकाम, करन लहरे, संतोष यादव, प्यारे साहू, संतु यादव, आत्मा वर्मा, संतोष जंघेल, सुशील यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## नहर में भरा कूड़ा कचरा, सफाई नहीं

### किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वनांचल से लगे गांव के किसानों को नहर की सफाई नहीं होने से सिंचाई के लिए पानी मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। विभाग ने नहर सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता किया है। ज्ञात हो कि जीराटोला, मानपुर, खैरबना, खैरा सहित आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए जल आपूर्ति कराने के उद्देश्य से जीराटोला जलाशय का निर्माण कराया गया है। निर्माण के बाद से नहर के माध्यम के जल प्रदान किया जा रहा है परन्तु नहर के माध्यम से दर्जन भर से अधिक किसानों को कुछ साल से पानी नहीं मिलने की शिकायत मिल रही है जिसकी वजह नाली का पट जाना तथा पुल के नीचे जाम होना है। इस मामले की शिकायत के बाद भी नहर की सफाई नहीं किया गया है।

- पानी नहीं मिलने से खेती पर पड़ेगा असर



### भरना देने के बाद भी पानी नहीं मिला

जीराटोला के हीरालाल पटेल, कपूर खुशरो, मानसिंग साहू, मंथिर साहू, उत्तम रोडगे आदि ने बताया कि उनकी कृषि भूमि नहर के समीप है। उन्हें कृषि के लिए पानी मिलते रहा है। कुछ सालों से नहर में पानी नहीं आ रहा है। नहर से पानी नहीं मिलने से अपेक्षित उत्पादन नहीं हो रहा है।

### शिकायत पर कार्रवाई नहीं

नहर से पानी नहीं मिलने तथा हर साल भरना लेने को लेकर किसानों ने खैरा नवापारा में आयोजित सुशासन शिविर में शिकायत किया था। विभाग से बरसात पूर्व नहर की सफाई कराने की मांग किया था ताकि किसानों को पानी मिल सके। विभाग ने नहर सफाई के नाम केवल औपचारिकता पूरा किया है। किसानों ने बताया कि उन्हें इस साल भी पानी मिलना मुश्किल है।

### तीन साल से नहीं मिल रहा पानी

जीराटोला, मानपुर के किसानों ने बताया कि उन्हें हर साल जीराटोला जलाशय से पानी मिल जाता था, परन्तु किसानों को बीते तीन साल से भरना पटाने के बाद भी पानी नहीं मिल रहा है। पंचायत के केसलाल मंडावी ने बताया कि उक्त नहर में जगह जगह मिट्टी भर गई । सड़क क्रासिंग एवं पुल के पास नाली जाम है। मिट्टी और कूड़ा कचरा से पट जाने से जलाशय का पानी खेतों तक नहीं पहुंच रहा है।

## मंडल भाजयुमो की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

मंडल भाजयुमो की नई कार्यकारिणी शुक्रवार को घोषित की गई। प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरीहा के निर्देश भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष चिंटू सोनकर की सहमति से भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कुश कुंभकार ने टीम की घोषणा की।

- युवाओं की जिम्मेदारियां तय

कार्यकारिणी में टामेश कंवर, धर्मेन्द्र साहू, अरुण साहू, रितेश साहू एवं रामजी साहू को उपाध्यक्ष, उज्ज्वल वैष्णव, कमलेश वाड्डे, रवि वैष्णव, हुमेश साहू एवं मुकेश यादव को मंत्री, प्रफुल्ल राजपूत को कोषाध्यक्ष, अनिल चन्द्रवंशी को सह कोषाध्यक्ष, ललित सिन्हा को कार्यालय मंत्री, सुनील गंधर्व को सह कार्यालय मंत्री, संजय साहू, कोमल पटेल को प्रवक्ता, मोहित वैष्णव को मीडिया प्रभारी, रूपेश सिन्हा को सह मीडिया प्रभारी, भुनेश्वर साहू को सोशल मीडिया प्रभारी तथा सुनील भुआर्य को सह सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। कार्यकारिणी में दीपक सिन्हा को प्रशिक्षण प्रमुख, दल्लू कौशिक, योगेन्द्र ध्रुव को सह प्रशिक्षण प्रमुख, सौरभ सोमानी को विधि सेल प्रमुख, संतोष साहू को सह प्रमुख, हरीश निषाद को आईटी सेल प्रभारी, लालचंद कंवर को सह प्रभारी, भूपेन्द्र चौधरी एवं दीपक कंवर को खेल एवं कला प्रमुख, भागवत कंवर को सह प्रमुख, गितेश पडोटी को शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल प्रभारी, लुकेश साहू को सह प्रभारी, तीरथ साहू को प्रचार प्रमुख, विष्णु शंकर, अजय ढीमर को सह प्रमुख, शंकर साहू को नीति एवं अनुसंधान प्रमुख, एलेश्वर साहू, शिवम देवांगन को सह प्रमुख, प्रदीप साहू को महाविद्यालय संपर्क प्रमुख, तामेश्वर कोर्रम को सह प्रमुख, कमलेश्वर साहू को मन की बात प्रमुख तथा जितेन्द्र कुंभकार को सह प्रमुख नियुक्त किया गया है।

### इन्हें भी मिला मौका

कार्यसमिति में लोकेश सिन्हा, रघुवीर यादव, डिकेश्वर सहारे, तुषार यादव, विरेन्द्र कुंभकार, हीरालाल कौशिक, माधोराम यादव, राहुल साहू, राकेश साहू, बामन साहू, देव कुमार, भूपेश कुंभकार, यशवंत उइके, धनराज मंडावी, देवेन्द्र कुमार, खिलावन साहू, डोमन कंवर, थानेश्वर पटेल, संतोष तिवारी, रोहित श्रीवास एवं नितीश सिन्हा को शामिल किया गया है।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

**सोमनी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में पालकों की बैठक आयोजन प्राचार्य सविता अवस्थी की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में बताया गया कि प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा।

बैठक में सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर नरोत्तमदास बंजारे, उपाध्यक्ष अनिता साहू का चयन किया गया। प्राचार्य श्रीमती अवस्थी पदेन सचिव होंगी। शिक्षाविद् के रूप में योगेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य मंजू पटेल, सुनील भागवत, ईश्वरी कोर्राम, निर्मला राजपूत एवं जीडी गुरु होंगे। पालक सदस्यों के रूप में सुखदेव साहू, योगेश्वरी वर्मा, अन्नु जोशी, लोकेश खांडे, भीखम मारकंडे, गजेन्द्र बंजारे, धनराज साहू, संगीता बंजारे, लक्ष्मी सोनी, तीजूराम चक्रधारी, अशोक साहू, मिथिला सिवारे, कामीन कोसरे को शामिल किया गया है।

## ग्रामसभा कई विषयों पर चर्चा



**तुमडीबोड़।** ग्राम में शुक्रवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कई विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के मापदंडों की जानकारी दी गई तथा आवास प्लस 2.0 की सूची का अनुमोदन किया गया। प्रतीक्षा सूची का वाचन कर मार्गदर्शिका एवं एसओपी के निर्देशानुसार प्राथमिकता सूची तैयार की गई। ग्राम सभा में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन की मार्गदर्शिका का वाचन किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना अंतर्गत 17 हितग्राहियों ने सोलर पैनल स्थापित कराया है। ग्राम के 13 हितग्राहियों के आवेदन प्रक्रियाधीन है।

### नहर में कचरा डालने पर आपत्ति

ग्रामसभा में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में स्थित मोटल ज्वारा रिसोर्ट को पर्यटन विभाग ने 60 वर्षों की लीज पर चौहान ग्रुप को दिया है। भवन का मलबा सिंचाई नहर में डाला जा रहा है, जिससे किसानों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के निराकरण के लिए चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

## कर्बला की याद में फल वितरण




**डोंगरगढ़।** मुस्लिम समाज की जानिब से मोहर्रम के अवसर पर शहीद-ए-शोहदा-ए-कर्बला इमाम हुसैन एवं उनके वफादार साथियों की अजीम कुर्बानी को ख़िराज-ए-अकीदत पेश करते हुए सेवा और इंसानियत का अनूठा संदेश दिया गया। इस अवसर पर सरकारी अस्पताल, वृद्धाश्रम एवं रेलवे स्टेशन में फल वितरित किए गए। इस दौरान समाज के सदस्यों ने कहा कि कर्बला की घटना केवल ऐतिहासिक प्रसंग नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान की मिसाल है। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के पदाधिकारी, युवा आदि शामिल हुए।



## बैंक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने दी सहकारिता सप्ताह की जानकारी

# सहकारिता से मजबूत होगा गांव और किसान, कल से जिले में कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सहकारिता सप्ताह का आयोजन 29 जून से 6 जुलाई तक किया जाएगा। इस दौरान जागरूकता हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव में शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में अध्यक्ष सचिन बघेल एवं उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने बताया कि सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ 29 जून को पैक्स कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण, सहकार सदस्यता अभियान, बायलाज का वाचन, सदस्यों की आय वृद्धि में दुग्ध एवं मत्स्य समितियों की भूमिका पर चर्चा, 30 जून को जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित होगी। साथ ही एफपीओ एवं पैक्स के किसानों की आय बढ़ाने में भूमिका पर विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी।



### 6 जुलाई को समापन

सहकारिता सप्ताह का समापन 6 जुलाई को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के साथ होगा। इस अवसर पर सहकारी क्षेत्र में विकेंद्रीकृत विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम के लिए चिन्हित 9 वेयर हाउसों के गोदाम निर्माण का भूमिपूजन भी किया जाएगा। अध्यक्ष सचिन बघेल एवं उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने जिले के किसानों, सहकारी समितियों के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं आम नागरिकों से सहकारिता सप्ताह के सभी कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते कहा कि सहकारिता के माध्यम से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी जा सकती है। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से अभिनेष कश्यप (उपाध्यक्ष, रायपुर), नरेश यदु (उपाध्यक्ष, दुर्ग), मो. अकरम कुरैशी (पूर्व राज्य मंत्री दर्जा, छत्तीसगढ़ शासन) सहित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ड्रोन के माध्यम से उर्वरक छिड़काव

1 जुलाई को आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरक छिड़काव का प्रदर्शन, कृषक संगोष्ठी तथा मृदा स्वास्थ्य विषय पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। जिससे किसानों को नई तकनीकों की जानकारी मिल सके। इसी क्रम में 2 जुलाई को पैक्स बैंक शाखाओं में मॉडल पैक्स का भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही महिला हितग्राहियों को एटीएम केसीसी कार्ड एवं रुपे केसीसी कार्ड वितरित किए जाएंगे, ताकि बैंकिंग सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। 3 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 4 जुलाई को पैक्स द्वारा संचालित जनऔषधि केंद्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जहां नागरिकों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रेसवार्ता में बताया गया कि 5 जुलाई को प्रदेश के 10 आदिवासी जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा, कोंडागांव, कोरबा, महासमुंद एवं राजनांदगांव में विशेष सहकारिता सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

# संजीवनी एक्सप्रेस में गूंजी किलकारी

## ईएमटी और पायलट की सूझबूझ से सुरक्षित प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले में आपातकालीन चिकित्सा सेवा 108-संजीवनी एक्सप्रेस एक बार फिर गर्भवती महिला और उसके नवजात शिशु के लिए संकटमोचक बनकर उभरी है। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने पर 108 के स्टाफ ने सूझबूझ का परिचय देते एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खजरी निवासी सुदर्शन यादव ने अपनी पत्नी राधिका यादव को प्रसव पीड़ा होने पर शाम करीब 7.30 बजे घुमका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। अस्पताल में राधिका की प्रसव पीड़ा तेजी से बढ़ने लगी, जिसे देखते वहां के डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को भांपते उसे बेहतर इलाज के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

गर्भवती महिला को तुरंत 108-संजीवनी एक्सप्रेस से राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए रवाना किया गया। एम्बुलेंस ग्राम डुमरडीह के पास ही पहुंची थी कि महिला की प्रसव पीड़ा असहनीय हो गई। स्थिति को नाजुक भांपते वाहन में मौजूद ईएमटी ललिता बघेल ने तत्परता दिखाई और पायलट छगन साहू को तुरंत गाड़ी सड़क के किनारे रोकने को कहा।

ईएमटी ललिता बघेल और पायलट छगन साहू ने अपनी सूझबूझ और मेडिकल ट्रेनिंग का इस्तेमाल करते एम्बुलेंस के भीतर ही सुरक्षित प्रसव कराने का निर्णय लिया। स्टाफ की कुशलता से राधिका यादव ने एक स्वस्थ पुत्री को जन्म दिया। सुरक्षित प्रसव के बाद परिजनों और एम्बुलेंस स्टाफ ने राहत की सांस ली।

इस सफल और सुरक्षित प्रसव के बाद एम्बुलेंस में मौजूद मितानिन और नवजात के पिता सुदर्शन यादव सहित अन्य परिजनों ने संजीवनी 108-एक्सप्रेस की त्वरित सेवा और कर्मचारियों की संवेदनशीलता के लिए उनका धन्यवाद दिया। परिजनों ने कहा कि यदि सही समय पर कर्मचारियों ने सूझबूझ न दिखाई होती, तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

### निधन

#### रामावतार गोयल



**राजनांदगांव।** सनसिटी निवासी रामावतार गोयल (86 वर्ष) सुपुत्र स्व. बुद्धूलाल गोयल का 27 जून को लंबी बीमारी के पश्चात दुःखद निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम 5 बजे उनके निज निवास सनसिटी से प्रारंभ होकर लखोली मुक्तिधाम पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। स्वर्गीय रामावतार गोयल अपने पीछे दो सुपुत्र नितेश गोयल व विनय गोयल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार, में शोक की लहर व्याप्त है। अंतिम संस्कार में सामाजिक बंधु, पारिवारिक मित्र, रिश्तेदार एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# नशेड़ी ट्रक ड्राइवर के खिलाफ पुलिस ने बढ़ाया एफआईआर का दायरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के गुंडरदेही में शुक्रवार को एक शराबी ट्रक चालक ने बच्ची को रौंदने के बाद भागते हुए तीन थानों की पुलिस को छकाया। अंततः 60 किमी दूर जाकर पकड़ा गया। हिरासत में लिए गए यूपी के ट्रक ड्राइवर के खिलाफ अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी अश्वनी राठौर ने एफआईआर का दायरा बढाते हुए पुलिस बल को मारने की कोशिश, शराब के नशे में मौत देने तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के विभिन्न संगीन धाराओं के तहत दो-दो एफआईआर लाच किया है।

उल्लेखनीय है कि जिले के गुंडरदेही से मानपुर कोरकोट्टी तक हिट एंड रन का बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। शुक्रवार को राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे पर अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के गुंडरदेही गांव में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी एक मासूम बच्ची को कुचल दिया। घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद नशे में धुत चालक ट्रक सहित भागने लगा। आरोपी ट्रक चालक ट्रक को भगाते हुए तीन थानों और एक पुलिस चौकी को क्रॉस करते 60 किलोमीटर तक मौत का तांडव मचाता रहा। अंततः बेहद मशकत के बाद ट्रक को घेराबंदी कर कोरकोट्टी में पुलिस द्वारा ड्राइवर और ट्रक को हिरासत में लिया गया।

### सड़क किनारे खड़ी बच्ची को दी मौत

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक के नशे में चूर ड्राइवर देवेंद्र सिंह यूपी निवासी ने अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम गुंडरदेही में सड़क किनारे खड़ी 11 वर्षीय मासूम बच्ची पूनम खवाश पिता राजेश खवाश को रौंद डाला। हादसे के तुरंत बाद ट्रक को रोकने के बजाय नशे में धुत ट्रक चालक ट्रक सहित फरार होने लगा। घटनास्थल से ग्रामीणों ने अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी अश्वनी राठौर को तत्काल फोन पर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने ट्रक को रोकने अंबागढ़ चौकी राजीव गांधी चौक में प्रयास किया, परंतु ट्रक ड्राइवर बेतहाशा ट्रक भगाते घटनास्थल से 60 किमी दूर मोहला-मानपुर-पानाबरस होते हुए कोहका-कोरकोट्टी तक ट्रक को भगा ले गया। इस बीच ट्रक को रोकने तीन थानों की पुलिस टीम सहित आम लोग एक्टिव रहे, परंतु ड्राइवर ने तमाम बैरिकेट्स को तोड़ते कई किमी का सफर तय कर लिया। अंततः कोरकोट्टी गांव में मानपुर पुलिस की घेराबंदी के बीच ट्रक को काबू में किया गया।



### चार पुलिसकर्मी हुए घायल

सड़क हादसे के बाद राहगीरों की मदद से पुलिस ने अंबागढ़ चौकी, मोहला-मानपुर में बैरिकेडिंग की, लेकिन चालक बैरिकेड्स तोड़कर भाग निकला। इस दौरान बैरिकेडिंग पर तैनात पुलिसकर्मी सहयोग कर रहे आम नागरिक ट्रक में कुचलाने से बच गए, परंतु बैरिकेड पर खड़े चार पुलिस जवान इस हादसे में घायल हुए हैं। जोखिम के बीच आखिरकार पुलिस ने पीछा कर कोरकोट्टी गांव के पास आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### नशेड़ी ट्रक ड्राइवर पर दो-दो एफआईआर

घटना को लेकर बताया गया कि ट्रक में महाराष्ट्र गढ़चिरौली से रायपुर लौह अयस्क का परिवहन किया जा रहा था। यूपी निवासी ट्रक ड्राइवर देवेंद्र सिंह के खिलाफ प्रारंभिक में लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाने के कारण हुई मौत का मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी अश्वनी राठौर ने एफआईआर का दायरा बढ़ाते सरकारी संपति को क्षति पहुंचाने, शराब के नशे में धुत होकर बच्ची को रौंदकर मार डालने तथा ड्यूटी में तैनात पुलिस जवानों को जान से मारने के प्रयास के संगीन धाराओं के तहत पृथक से एफआईआर दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### युगांतर में मना योगा-डे



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल योगा-डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन की शिक्षिका तथा योग प्रशिक्षक वंदना सिंह ने बताया कि योग हमारे मन और शरीर दोनों को सुंदर बनाता है। जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाने से व्यक्ति लंबे समय तक सुखी व निरोगी जीवन व्यतीत कर सकता है।

उन्होंने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराने से पहले हाथ-पैर की विविध गतिविधियां कराकर शरीर को स्ट्रेच कराया। प्रबंध समिति ने योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्यवर्धक जीवन की कामना की है।












## खबर संक्षेप

### छिराहीडीह में जस जुड़वास सम्मेलन 1 से

**गंडई पंडरिया।** ग्राम छिराहीडीह में दो दिवसीय देवी शीतला जुड़वास सम्मेलन का आयोजन आगामी एक जुलाई से रखा गया है। यह आयोजन का 20 वां वर्ष है। इस धार्मिक आयोजन में कृषि उपज मंडी गंडई के पूर्व अध्यक्ष संजू सिंह चंदेल का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम को भव्य रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत 1 जुलाई को कलश यात्रा एवं ज्योति प्रज्जवलन के साथ होगी। आगामी 2 जुलाई को हवन, पूजन एवं महाप्रसाद वितरण होगा। दो दिवसीय महोत्सव में ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। प्रथम दिवस 1 जुलाई को रात्रि 7 बजे से जय मां शीतला बाल धरोहर जस झांकी मंडली, मुड़माड़ुर, राजनांदगांव के कलाकारों द्वारा जस झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 2 जुलाई को शाम 5 बजे जस सम्राट पूरन साहू के भजनों की प्रस्तुति होगी। रात्रि 6 बजे से लोक गायिका कविता वासनिक देवी जस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। इस आयोजन के व्यवस्थापक श्री जय मां महामाया राजहंस बघवा जस परिवार एवं जय मां तुलसी नवकिरण सेवा भजन मंडली सहित ग्रामवासी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष लीलाराम यदु, उपाध्यक्ष दुर्गेश यादव, संचालक दीपक पटेल, योगेश यादव, सेतराम पटेल, गोर्धन यादव, दीन दयाल यदु, पुनाराम पटेल, विनोद पटेल, मुकेश पटेल, बाबुलाल यदु, जीवन पटेल, केशलाल यदु, पिंटू पटेल, देवराज साहू, खोम पटेल, लुकेश्वर यदु, नरेश निषाद, रामदिल निषाद और बेदराम पटेल सहित अन्य जुटे हैं।

### जाली तार फेंसिंग के लिए मिला एक लाख

**खैरागढ़।** जिपं क्षेत्र जालबांधा के ग्राम मदराकुही स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र की सालों पुरानी समस्या सुरक्षा व परिसर को व्यवस्थित करने जिला खनिज संस्थान न्यास मद से जाली तार फेंसिंग के लिए लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इसके लिए जिपं सदस्य शताक्षी सिंह द्वारा लगातार प्रयास कर रही थी। गौरतलब है कि उपस्वास्थ्य केंद्र के चारों ओर किसी प्रकार की घेराबंदी नहीं होने के कारण यहां रोज आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता था। विशेष रूप से बारिश के मौसम में यह परिसर मवेशियों का स्थाई ठिकाना बन जाता था। इससे परिसर में गंदगी फैलती थी और सफाई कर्मचारियों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को भी असुविधा तथा असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या को उठाया था। जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने भी जिला प्रशासन के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से रखा जिसके चलते प्रशासन ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए फेंसिंग निर्माण के लिए एक लाख की स्वीकृति दी है। फेंसिंग होने के बाद केंद्र परिसर पूरी तरह सुरक्षित होगा। मवेशियों का प्रवेश रुकेगा, परिसर की नियमित साफ-सफाई बनाए रखना आसान होगा और मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों और स्वास्थ्य कर्मियों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण मिलेगा।

### मनरेगा कर्मियों में तीन दिनी हड़ताल की सीईओ को दी जानकारी

# बीस सालों में 12 नेशनल एवार्ड, फिर भी मनरेगा कर्मचारियों का भविष्य संकट में

## भविष्य को लेकर असुरक्षा की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छग मनरेगा कर्मचारी महासंघ के निर्देश पर जिला इकाई अध्यक्ष उपेंद्र वर्मा के नेतृत्व में मनरेगा कर्मियों ने सीईओ को तीन दिनी हड़ताल में जाने की विधिवत सूचना दी।

जिला इकाई अध्यक्ष उपेंद्र वर्मा, सचिव एनएन सोनी, प्रेमचंद साहू, हेमंत मेश्राम, खगेश्वर धुरव, स्वीटी वाल्देकर सहित अन्य ने मनरेगा कर्मियो के नियमितिकरण, प्रक्रिया पूरी होने तक मानव संसाधन नीति अनुरूप सेवा व सामाजिक सुरक्षा देने और रोजगार सहायकों को मानदेय की जगह संविदा नियुक्ति देकर गेड पे निर्धारित करने की मांग को लेकर आगामी 2 जुलाई से हड़ताल मे जाने की सूचना देते हुए बताया कि मनरेगा योजना अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों ने बीते 20 सालो में अपने परिश्रम और दक्षता से प्रदेश को 12 राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई है। इसके बावजूद आज वही कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर गंभीर अनिश्चितता और असुरक्षा की स्थिति में हैं। राज्य में वीबी-जीरामजी योजना के लागू होने की प्रक्रिया के बीच अपनी सालों पुरानी जायज मांगों को लेकर अब तक कोई स्पष्ट और ठोस दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है जिससे कर्मचारियों का मनोबल को गहराई तक प्रभावित हुआ



### राष्ट्रीय स्तर पर उठा था मुद्दा

जिला अध्यक्ष उपेंद्र वर्मा ने बताया कि दिसंबर 25 में महासंघ अध्यक्ष अजय क्षत्रिय ने ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष कर्मचारियों की समस्याओं को स्पष्ट तरीके से प्रस्तुत किया। विशेष रूप से सेवा सुरक्षा, मानव संसाधन नीति, सामाजिक सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता को उठाया और स्पष्ट समाधान की मांग की। केंद्रीय मंत्री ने इस मुद्दे पर आश्वस्त किया कि कर्मचारियों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। नई योजनाओं में भी उनकी भूमिका अनिवार्य और महत्वपूर्ण रहेगी। सेवा सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार से गंभीरता से चर्चा की जाएगी और किसी भी कर्मचारी की नौकरी या सेवा पर संकट नहीं आने दिया जाएगा लेकिन केंद्रीय स्तर पर आश्वासन के बावजूद राज्य स्तर पर अब तक कोई स्पष्ट नीति जारी नही किया गया है जिससे कर्मचारियों में असंतोष और अनिश्चितता लगातार बढ़ रही है। महासंघ की ओर से जिला इकाई ने ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही ठोस नीति और लिखित व्यवस्था नहीं बनाई गई तो तीन दिवसीय चरणबद्ध/सांकेतिक हड़ताल की जाएगी जिसमे 2 जुलाई को जनपद स्तर पर सशक्त विरोध बाद 3 जुलाई को जिला स्तर पर प्रदर्शन के बाद 4 जुलाई को रैली, ज्ञापन सहित प्रदेश स्तर पर व्यापक हड़ताल किया जाएगा। उपेंद्र वर्मा ने कहा कि यह केवल विरोध नहीं, बल्कि सालो के सेवा सम्मान, अधिकार और भविष्य की सुरक्षा की निर्णायक लड़ाई है। उन्होने शासन से अपेक्षा है कि वह इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल ठोस निर्णय लेगा।

# तिलईरवार में मनाया नशा निवारण दिवस



**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में समाज कल्याण विभाग की तरफ से कला पथक दल की टीम द्वारा वीर सिंह साहू, रामप्रसाद यादव, तिहार सिंह ध्रुव और हर्ष कुमार मेश्राम ने स्कूल में पहुंचकर छात्र-छात्राओं और आम जनमानस के बीच नशे के विरुद्ध सघन जनजागरूकता अभियान चलाया।

कला पथक दल ने अपने रचनात्मक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्टॉफ सदस्यों, छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते जागरूक किया। जिससे इस गांव एवं अंचल में एक सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और स्टॉफ द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने भी कला पथक टीम के साथ गीत-संगीत के संदेशात्मक प्रस्तुति में सहयोग दिया। कार्यक्रम में स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं सहभागिता रही। कार्यक्रम में असीम कुमार यदु, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, राजेश कुमार नेताम, जानकी वल्लभ तंबोली, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहरदास लिलहारे, पालकराम वर्मा, हरिश्चंद्र यादव, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर आदि सभी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में समाज कल्याण विभाग से आए कला पथक टीम का थंगेश्वर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# वन विभाग ने लगाया जागरूकता बोर्ड, दी नियमों के पालन की सलाह

**गंडई पंडरिया।** हरिभूमि में 19 जून को प्रकाशित खबर खत्म हो रहे वृक्ष, नजर आ रही चट्टानें को वन विभाग ने गंभीरता से लिया है। खबर प्रकाशन के बाद वन विभाग ने भरभड़ी में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से सूचना बोर्ड लगाया है। इस बोर्ड के माध्यम से वन विभाग ने आगंतुकों को वन क्षेत्र में प्रवेश करते समय नियमों का पालन करने का आग्रह किया है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार का कचरा जैसे प्लास्टिक, बोतलें और खाने के पैकेट जंगलों में न फेंके और कचरे को केवल निर्धारित स्थान पर ही डालें। वन्य जीवों से सुरक्षित दूरी बनाए रखे। उन्हें छेड़ने, डराने और उन्हें भोजन न कराने की अपील की गई है।

### शोर मचाने पर मनाही

वन क्षेत्र में तेज आवाज लाउडस्पीकर का उपयोग करने और अनावश्यक शोर मचाने से मनाही की गई है, ताकि वन्य जीवों को परेशानी न हो। जंगल में आग न जलाने और जलती हुई बीड़ी, सिगरेट या माचिस की तीली न फेंकने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पेड़-पौधों, फूलों एवं अन्य वन संपदा को नुकसान न पहुंचाने, वन्य जीव दिखाई देने पर शांत रहने और विभाग के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। वन विभाग ने आगंतुकों से आग्रह किया है कि वन्य जीवों के शिकार, तस्करी या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि जंगल की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता एवं स्वच्छता को बनाए रखा जा सकें।



# ट्रांसफार्मर को अन्यत्र लगाने की मांग अब तक लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम सड़क अतरिया के ग्रामीण कई वर्षों से गांव में लगे एक विद्युत ट्रांसफार्मर को अन्यत्र लगाने की मांग कर रहें हैं, लेकिन ग्रामीणों की मांग अब तक लंबित है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति के लिए गांव में वर्तमान में दो ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जिसमें एक ट्रांसफार्मर खेत के बीचों बीच लगा हुआ है। बरसात के समय तेज हवा एवं बारिश से ट्रांसफार्मर में बार बार तकनीकी खराबी आती है। ट्रांसफार्मर के चारों तरफ पानी से भरे खेत होने से वहां तक पहुंचना आसान नहीं होता।

कई बार ऐसी स्थिति आती है कि लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारना पड जाता है। आगे ग्रामीणों ने बताया कि रात के अंधेरे में ट्रांसफार्मर के आस पास जहरीले कीड़े भी मंडराते रहते हैं। जिससे लाईन मेन भी मौके पर पहुंच कर खराबी सुधार करने से कतराते हैं। पखवाड़े भर बाद मानसूनी बारिश शुरू होने की उम्मीद है। अगर बारिश से पहले कार्य नहीं हो पाया तो फिर साल भर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जिसके चलते ग्रामीण समय पर ट्रांसफार्मर स्थानांतरित करने की मांग कर रहें हैं।



### ट्रांसफार्मर अन्यत्र स्थापित करना प्रस्तावित

पंचायत प्रतिनिधि सोनम लोमश वैष्णव ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या एवं मांग पर विभाग को आवेदन दिया जा चुका है। विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर को खेत से हटाकर अन्यत्र दूसरी जगह पर लगाने का कार्य प्रस्तावित है। जिसके लिए स्थल चयन भी किया जा चुका है। बरसात पूर्व ट्रांसफार्मर को हटाने का आश्वासन विभाग द्वारा दिया गया है। अब तक खेत में फसल लगे होने के कारण ट्रांसफार्मर को हटाया नहीं जा सका है। वर्तमान में खेत की सभी फसल कट चुकी है। किसानों की उम्मीद है कि शीघ्र ही ट्रांसफार्मर को नया जगह पर लगाया जायेगा, ताकि ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी को तत्काल सुधरवाया जा सके और लोगों को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति होते रहे।

# डोम शेड के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

तुरकारीपारा स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित होने वाले सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे अब बारिश और तेज धूप से होने वाली असुविधा से लोगो को सामना नहीं करना पड़ेगा।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज पहल पर विधायक यशोदा वर्मा ने विधायक निधि से डोम शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की स्वीकृति दी है और आश्वस्त किया कि जरूरत अनुसार भविष्य में भी डोम शेड निर्माण के लिए अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने का प्रयास किया जाएगा।

डोम शेड बनने के बाद भवन परिसर मे पूरे साल सामाजिक, धार्मिक, पारिवारिक और सामुदायिक कार्यक्रम बिना किसी मौसम संबंधी बाधा के आयोजित हो पाएगा और हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने जनहितकारी निर्णय को लेकर विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम आम नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने वाला है। डोम शेड का लाभ शहर की 20 वार्डो सहित क्षेत्र की जनता को मिलेगा। विधायक यशोदा ने कहा जनता ने मुझे अपना प्रतिनिधि बनाकर विधानसभा भेजा है इसलिए उनकी हर समस्या का समाधान करना मेरा प्रयास रहता है। उक्त स्वीकृति को बड़ी राहत मानी जा रही है क्योंकि अब भवन में हर मौसम में कार्यक्रमों का आयोजन अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित ढंग से किया जा सकेगा।

# सालभर से पीएम आवास की प्रतीक्षा में ग्रामीण, जिपं सदस्य ने उठाई आवाज


**खैरागढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य गरीब और बेघर परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है लेकिन जालबांधा जिला पंचायत क्षेत्र में आज भी अनेक पात्र परिवार इस योजना के लाभ से वंचित हैं। हर बार जारी होने वाली आवास सूची में उनके नाम शामिल नहीं होने से ग्रामीणों में निराशा है। इस मुद्दे को लेकर जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने प्रशासन के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शताक्षी सिंह ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर नागरिक का मूल अधिकार और बुनियादी आवश्यकता है लेकिन क्षेत्र के कई गरीब परिवार वर्षों से कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं। पात्र होने के बावजूद उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जो चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि ग्राम जालबांधा, पवनतरा सहित क्षेत्र के अनेक मजदूर व गरीब परिवारों के मकान बेहद जर्जर हो चुके हैं। बरसात के मौसम में इन परिवारों के सामने जान-माल का खतरा बना रहता है। एक साल पहले भी उन्होंने जिला पंचायत कार्यालय में इन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की मांग उठाई थी, लेकिन इसके बावजूद हाल ही में जारी सूची में इनका नाम शामिल नहीं किया गया।



### दुबारा करेंगे अधिकारी समीक्षा

जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए जनपद पंचायत व जिला पंचायत के संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर मांग की कि सभी पात्र परिवारों का पुनः सर्वे कर जल्द से जल्द उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए ताकि कोई भी गरीब परिवार कच्चे और असुरक्षित मकान में रहने को मजबूर न रहे। सालो से लंबित इस समस्या का जल्द समाधान हो और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ वास्तव में उन गरीब परिवारों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। अधिकारियों ने उन्हे आश्वस्त किया है कि पात्र हितग्राहियों की सूची की समीक्षा कर जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और किसी भी पात्र परिवार को योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

# आज से चलेगा जिले में पल्स पोलियो अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- 53 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो खुराक

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन व जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन और सी ए च ए म ओ डॉ. आशीष शर्मा व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बोधन सिंह परते के नेतृत्व में आज 28 जून को जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन होगा।

इसके अंतर्गत जिले के 0 से 5 साल तक की आयु के अनुमानित 53 हजार 344 बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए पूरे जिले मे 213 पोलियो बूथ, 427 टीमें, 854 वैक्सीनेटर सहित 43 पर्यवेक्षक तैनात किया गया हैं, जो शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुनियोजित ढंग से महाभियान का संचालन करेंगे। अभियान के पहले दिन रविवार 28 को सभी पात्र बच्चों को उनके निकटतम बूथ पर पोलियो का टीका पिलाया जाएगा। इसके पश्चात स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को भी पोलियो का टीका पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुँच पाए होंगे। दूरस्थ, वनांचल व विशेष परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में भी विशेष रणनीति के साथ टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा ताकि जिले का कोई भी पात्र बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे।

### सभी तैयारियां पूर्ण

सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने अभिभावकों से अपील की कि यदि बच्चे को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत पोलियो का टीका पहले ही लग चुका हो तब भी पल्स पोलियो अभियान के दौरान दी जाने वाली अतिरिक्त खुराक अवश्य पिलाएं क्योंकि यह बच्चों को पोलियो वायरस से सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बोधन सिंह परते ने बताया कि अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभी वैक्सीनेटरों व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। वैक्सीन, कोल्ड चेन, परिवहन, माइक्रोप्लान व मॉनिटरिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अभियान की सतत निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों की विशेष रूप से तैनाती की गई है, जिससे प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो का टीका समय पर पहुंचाया जा सके। विभाग ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, स्वयंसेवी संगठनों व नागरिकों से जनहितकारी अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है।

### स्वास्थ्य विभाग चला रहा विशेष जागरूकता अभियान

# सर्पदंश से बचाव को लेकर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं की रोकथाम व जनजागरूकता के उद्देश्य से कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन मे जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा विशेष स्वास्थ्य जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। बारिश के मौसम में खेतों, झाड़ियों सहित जलभराव वाले क्षेत्रों में सांपों की सक्रियता बढ़ जाती है, जिसके चलते आमजन, विशेषकर किसानों, वनांचल क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों व ग्रामीण परिवारों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि सर्पदंश की ज्यादातर घटनाएं खेतों में काम करने, झाड़ियों में हाथ डालने या अंधेरी जगहों में बिना सावधानी के जाने के कारण होती हैं। बारिश में सांप सूखी, सुरक्षित जगहों की तलाश में घरों, गौठानों व आसपास के क्षेत्रों में भी प्रवेश कर सकते हैं इसलिए खेतों के साथ घरों में भी विशेष सावधानी आवश्यक है।

### प्रशिक्षित टीम और एंटी स्नेक वेनम मौजूद

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि सर्पदंश की स्थिति में घबराने के बजाय पीड़ित को शांत रखे व प्रभावित अंग को यथासंभव स्थिर रखें। प्रभावित स्थान पर चीरा लगाना, जहर चूसने का प्रयास करना, कसकर रस्सी बांधना या झाड़-फूंक, अंधविश्वास का सहारा लेना हानिकारक हो सकता है। बिना समय गंवाए पीड़ित को तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने की कोशिश करे इसके लिए आपातकालीन एम्बुलेंस रेफरल व चिकित्सा सहायता को लेकर टोल-फ्री नंबर 108 या 112 पर कॉल कर निशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है। समय पर अस्पताल पहुंचना ही सर्पदंश से होने वाली गंभीर जटिलताओं व मृत्यु की संभावना को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय है। सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि जिले के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में सर्पदंश पीड़ितों के उपचार के लिए प्रशिक्षित चिकित्सा दल सहित आवश्यक मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। समय पर चिकित्सा उपचार प्राप्त होने से अधिकांश मरीजों का सफल उपचार संभव है। उन्होने सर्पदंश से बचाव संबंधी सावधानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक जागरूकता, सतर्कता और समय पर उपचार से सर्पदंश जनित मृत्यु व गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

### सावधानी और सतर्कता जरूरी

स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि खेतों में कार्य करते समय गमबूट या ऊँचे जूते पहनें, झाड़ियों, घास व गड्ढों में हाथ डालने से पूर्व डंडे से जांच करें और रात्रि के समय टॉर्च का उपयोग अवश्य करें। घर सहित आसपास के क्षेत्रों की नियमित सफाई कर, झाड़ियों, लकड़ी, ईंट, पत्थर सहित अनुपयोगी सामग्री के ढेर को हटाकर रखें। बारिश के मौसम मे खुले स्थानों, खेतों या जमीन पर सीधे सोने से बचना चाहिए। आराम करने या सोते समय यथासंभव चारपाई की पड़ताल करनी चाहिए, रात में किसी भी उठते समय पहले रोशनी करे या टॉर्च का उपयोग करें और जूते-चप्पल पहनने से पूर्व अच्छी तरह जांच लेंना चाहिए।

# करबला शहादत की याद में मनाया गया मोहर्रम का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

हजरत ईमाम हुसैन की शोहदाए करबला में यौमे शहादत की याद में परंपरानुसार मोहर्रम त्यौहार मुस्लिम समाज ने मनाया।

दसवें मोहर्रम के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद परिसर में सुबह 10 बजे पेश ईमाम मो फखरुद्दीन रिजवी ने मोहर्रम की विशेष नमाज 4 रकात यौमे-आसूरा मुसलमानों को अता करवाई इसके बाद सूरे आसूरा की खास दुआ पढ़ी गई। मुसलमान भाईयों ने फातिहा खानी में हिस्सा लिया व अंत में सलाम पढ़कर वतन के अमनोचैन व सभी की खुशहाली की दुआ मांगी गई। मोहर्रम माह के मुबारक मौके पर 9 मोहर्रम गुरुवार व 10 मोहर्रम शुक्रवार को जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज फखरुद्दीन रिजवी ने अपनी बुलंद व शानदार तकरीर से खानदाने हुसैन की शहादत को तरोताजा किया। गौरतलब है कि इस्लाम मजहब के लिए दसवां मोहर्रम यौमे आसुरा का दिन बेहद खास व पाक है क्योंकि आज के ही दिन पैगम्बर हजरत आदम, हजरत ईब्राहिम, हजरत मूसा, हजरत युसुफ हजरत नूह, हजरत युनुस, हजरत याकूब व हजरत अय्यूब अलैहिस्सलाम की दुआएं खुदा ने कबूल की थी। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, सदर अरशद हुसैन डब्बू, जफर हुसैन खान, रिज़वान मेमन, नासिर मेमन, खलील कुरैशी, मो. याहिया नियाज़ी, अय्यूब सोलंकी, फारुख मेमन, सैय्यद जाकिर अली, सगीर कुरैशी, कासिम कुरैशी, जुनैद खान, जमीर खान, इदरीश खान, लुकमान अली, हबीब असरफी, कदीर कुरैशी, कय्यूम कुरैशी, शमसुल होदा खान, डॉ. मकसूद अहमद, सादिक आदि उपस्थित थे।

### मोहर्रम पर्व पर रोज रात तकरीर

इस्लाम धर्म के प्रवतर्क रसूल पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासों हजरत ईमाम हसन व ईमाम हुसैन ने करबला के मैदान में इस्लाम की हिफाजत के लिए अपने पूरे खानदान की कुर्बानी दी थी और इंसानियत की हिफाजत के लिए ईस्लाम का नाम पूरी दुनिया मे बुलंद किया था। मोहर्रम पर्व के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद में हजरत ईमाम हसन व ईमाम हुसैन की याद में रोज रात में तकरीर का इंतजाम किया गया जिसमें मुस्लिम समुदाय के नौनिहालों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक बढ़-चढ़कर शामिल हुए वही पूरे 10 दिन तक शरबत, शिरनी, नास्ते, मलिदा, खिचड़ा, मिठाई का इंतजाम विभिन्न कमेटियों व जमातियों के सहयोग से किया गया।

# भाजपा राज में पत्रकार भी सुरक्षित नहीं : ऋषि

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने सनसिटी के पास पत्रकार योगेश साहू और इंडिया टाउन न्यूज के पत्रकार सौरभ ताम्रकार की दोपहिया वाहन को अज्ञात कार चालक द्वारा टक्कर मारकर कुचलने के प्रयास की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का गंभीर संकेत बताया। श्री शास्त्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी शांति, सौहार्द और सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन वर्तमान में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अब लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकार भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ट्रिपल इंजन की बात करती है, लेकिन प्रदेश में हत्या, लूट, नशे के कारोबार और अन्य आपराधिक घटनाओं के साथ पत्रकारों पर जानलेवा हमले होना कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह घटना केवल दो पत्रकारों पर हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हमला है। पत्रकार ही असुरक्षा के माहौल में काम करने को मजबूर होंगे, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होगी।

**समस्या :** वर्षों से नए भवन की मांग अधूरी, पंचायत बैठकों से बाधित हो रही पढ़ाई

# विद्यार्थी जर्जर स्कूल भवन के कारण पंचायत भवन में पढ़ने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के सरकारी दावों के बीच बोड़ला विकासखंड के ग्राम चोरभट्टी की हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। यहां शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का भवन वर्षों से जर्जर अवस्था में होने के कारण बच्चों की पढ़ाई पंचायत भवन में कराई जा रही है। अस्थायी व्यवस्था के कारण विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जबकि ग्रामीण वर्षों से नए स्कूल भवन की मांग करते आ रहे हैं।

ब्लॉक मुख्यालय बोड़ला से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चोरभट्टी का भवन इतनी खराब स्थिति में पहुंच चुका है कि उसमें बच्चों को बैठाना भी जोखिम भरा माना जा रहा है। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल की कक्षाएं ग्राम पंचायत भवन में संचालित की जा रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर भवन की जानकारी कई बार शिक्षा विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को आवेदन और शिकायतों के माध्यम से दी गई, लेकिन अब तक नए भवन के निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। इसका खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। पंचायत भवन में स्कूल संचालित होने के कारण ग्राम सभा, पंचायत बैठक, शासकीय शिविर और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान पढ़ाई बाधित हो जाती है। कई बार कक्षाएं निरस्त करनी पड़ती हैं, जिससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक नुकसान हो रहा है। शिक्षकों को भी सीमित संसाधनों और असुविधाजनक वातावरण में पढ़ाई कराने की मजबूरी बनी हुई है।





### चोरभट्टी के बच्चे आज भी सुरक्षित और सुविधायुक्त स्कूल भवन की प्रतीक्षा में

ग्रामीणों और पालकों का कहना है कि शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए बच्चों को वर्षों तक अस्थायी व्यवस्था में पढ़ाना दुर्भाग्यपूर्ण है। शासन शिक्षा के क्षेत्र में करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा करता है, लेकिन चोरभट्टी के बच्चे आज भी सुरक्षित और सुविधायुक्त स्कूल भवन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जिस पर ग्रामीणों ने मांग की है कि जर्जर स्कूल भवन का तत्काल तकनीकी सर्वे कराकर नए भवन के निर्माण की स्वीकृति दी जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में नियमित शिक्षा मिल सके।

### जिम्मेदार विभाग की उदासीनता

वर्षों से आवेदन और शिकायतों के बावजूद यदि बच्चे आज भी पंचायत भवन में पढ़ने को मजबूर हैं, तो यह शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत और जिम्मेदार विभागों की उदासीनता को उजागर करता है। सवाल यह है कि आखिर बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर जिम्मेदार विभाग कब जागेगा?

# भोरमदेव जंगल सफारी बनी छग के इको-टूरिज्म की नई पहचान

- पर्यटन, प्रकृति और रोजगार का नया आयाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार की इको-टूरिज्म पहल के तहत विकसित भोरमदेव जंगल सफारी संचालन के पहले ही महीने में छत्तीसगढ़ के इको-टूरिज्म की नई पहचान बनकर उभरी है। जंगल सफारी प्रकृति प्रेमियों और रोमांच के शौकीनों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गई है, सिर्फ एक माह में ही 489 से अधिक पर्यटक यहां पहुंचे है, वहीं स्थानीय युवाओं, वन प्रबंधन समिति और स्व-सहायता समूहों को रोजगार एवं आमदनी के नए अवसर मिले हैं।

प्रकृति, रोमांच और स्थानीय विकास का सफल संगम बनी यह पहल भोरमदेव को राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थापित करने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में शुरू की गई यह जंगल सफारी आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गई है। वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि भोरमदेव जंगल सफारी का उद्घाटन 3 मई को किया गया तथा 4 मई से पर्यटकों के लिए इसका संचालन शुरू हुआ। मानसून को देखते हुए 4 जून से सफारी को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। मात्र एक माह के संचालन के दौरान 480 से अधिक पर्यटकों ने जंगल सफारी का आनंद लिया, जिससे पौने 3 लाख रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हुई है। बारिश के बाद नवम्बर माह से इसका संचालन फिर से शुरू होगा।



### पर्यटन के साथ स्थानीय लोगों को मिला रोजगार

भोरमदेव जंगल सफारी की शुरुआत से स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के नए अवसर मिले हैं। केवल एक महीने के संचालन में वाहन चालक, गाइड और गेट कीपर के रूप में कार्यरत 17 स्थानीय युवाओं ने 75 हजार रुपए से अधिक की आय अर्जित की। वहीं वन प्रबंधन समिति को 92 हजार और वन विभाग को 26 हजार रुपए से अधिक की आय प्राप्त हुई। सफारी परिसर में स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन भी पर्यटकों की पसंद बनी रही। एक माह में कैंटीन से 20 हजार रुपए से अधिक का मुनाफा हुआ, जिससे समूह की महिलाओं की आय बढ़ी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूती मिली।

### सिर्फ सफारी ही नहीं, उद्यान भी बना आकर्षण का केंद्र

जंगल सफारी के साथ-साथ भोरमदेव का प्राकृतिक उद्यान भी पर्यटकों की पसंद बन रहा है। सफारी का आनंद लेने वाले पर्यटकों के अलावा 1500 से अधिक लोगों ने उद्यान का भी भ्रमण किया। इससे साफ है कि भोरमदेव क्षेत्र धीरे-धीरे प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान बना रहा है। वहीं करीब 36 किलोमीटर लंबी जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को कई वन्यजीवों और पक्षियों को करीब से देखने का अवसर मिला। सफारी में भारतीय गौर, भालू, नीलगाय, सांभर, कोटरी (बार्किंग डियर), बाघ के पदचिह्न (टाइगर पगमार्क), जंगली मुर्गा, विभिन्न प्रजातियों के पक्षी और रंग-बिरंगी तितलियां पर्यटकों के लिए खास आकर्षण रहीं। घने जंगल, ऊंची पहाड़ियां और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर वातावरण ने सफारी को रोमांचक और यादगार अनुभव बना दिया।

## खबर संक्षेप

### संख्यात्मक कौशल को मजबूत बनाने सतत कार्य

**कवर्धा।** विद्यालयी शिक्षा में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। किसी भी छात्र के लिए समझ के साथ पढ़ना, लिखना और अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करना जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी गणितीय बोध विकसित करना भी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शासकीय हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य व गणित के व्याख्याता डॉ रमेश चन्द्रवंशी द्वारा अपने दैनिक अध्यापन में कई नवीन और व्यावहारिक शैक्षणिक क्रियाओं का निरंतर उपयोग किया जा रहा है। वे विद्यार्थियों में संख्याओं की समझ विकसित करने के लिए वर्ग, घन और जटिल गणितीय समस्याओं को हल करने से पहले बुनियादी संक्रियाओं जैसे जोड़, घटाव, गुणा और भाग की लगातार पुनरावृत्ति कराते हैं। इसके साथ ही लघुत्तम समापवर्त्य, महत्तम समापवर्तक, भिन्नों का योग, प्रतिशत और वैदिक गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कक्षा में बेहद सरल तरीके से पढ़ाया जाता है।

### लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**कवर्धा।** लायंस क्लब के सत्र 2026-27 के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार 26 जून को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 26-27 पीएमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी समारोह के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता थे। शपथ अधिकारी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन रंजना क्षेत्रपाल ने बड़े ही रोचक अंदाज में अध्यक्ष आनंदप्रकाश दानी, सचिव हरीश गांधी, कोषाध्यक्ष प्रमोद कोचर, उपाध्यक्ष त्रय रेखराज मूंदड़ा, अजय गुप्ता, बीपी शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। संचालक मंडल में लायन बीपी गुप्ता, सुशीला श्रीश्रीमाल, महेन्दर छाबड़ा, सुनीता गुप्ता, अजय टाटिया, धनसुख पटेल, रामेश्वर गुप्ता, गुरदीप सिंह अरोरा, डॉ.एनके यदु, एमएल बांठिया, राजेन्द्र ठाकुर व बद्री चंद्रवंशी ने शपथ ली। अन्य पदों पर मनोज कुमार ठाकुर, संजय बोथरा, राजकुमार गुप्ता, रवि सोनी, डॉ संगीता चौहान व ज्ञानचंद जैन को शपथ दिलाई गई। आनरेरी गवर्नर एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, कैबिनेट सेक्रेटरी लायन मोहन सिंह छाबड़ा व एडिशनल सेक्रेटरी एमजेएफ लायन सुजाता अग्रवाल विशिष्ट अतिथि थे। लायंस क्लब के संस्थापक मेलविन जोंस के चित्र के आगे दीप प्रज्वलन, ध्वज वंदना व विश्व शांति के लिए मौन के पश्चात सभा की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि रिपुदमन ने अपने भावी लक्ष्यों की जानकारी दी।

# अंगना म शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत पढ़ई तिहार का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पढ़ई तिहार (द्वितीय मेला) का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का भाषा एवं गणित कौशल का पुनः आकलन किया गया। बच्चों की माताओं ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने बच्चों के सीखने के स्तर का आकलन किया।



आकलन के आधार पर बच्चों को अभिनंदन पत्र प्रदान किए गए, जिन पर माताओं के हस्ताक्षर भी लिए गए। ज्ञातव्य है कि प्रथम चरण का पढ़ई तिहार 11 अप्रैल को आयोजित किया गया था। द्वितीय चरण में उसी के अंतर्गत बच्चों का पुनः आकलन कर उनकी प्रगति दर्ज की गई। प्रथम चरण में जिन बच्चों का आकलन किया गया था, उनका विद्यालय में पुनः आकलन कर विवरण सपोर्ट कार्ड में अंकित तथा पूर्व में उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन लिंक पर प्रविष्टि किया गया, छोटे बच्चों को विद्यालय के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने तथा उनके समग्र विकास को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विद्यालय परिवार इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी माताओं पालकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। जिसमें माता श्रीमती अमरीका साहू, राजवंतीं साहू, रजन साहू, पालक हरि साहू, भागीरथी साहू, प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, यूगल साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, रसोईया तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### पीएटी/पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित पीएटी/पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन आज को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए कुल 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 277 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा केंद्र में कलेक्टर कार्यालय की ओर से एक-एक पर्यवेक्षक तथा समन्वयक केंद्र की ओर से एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा के दौरान अनुचित एवं अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में निर्धारित समय से कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य होगा, ताकि उनकी फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के आधार पर सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर परीक्षा केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा चॉकलेटी रंग के वस्त्र पहनना प्रतिबंधित रहेगा। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित रहेगा।

# शासन प्रशासन की योजना व करोड़ों की लागत से बनी पानी टंकी बेअसर

## 200 मीटर दूर से साइकिल में पानी ढोने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमलीमालगी में पेयजल संकट ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बना हुआ है। शासन प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित विशाल पानी टंकी होने के बावजूद गांव के कई घरों तक आज भी नल से पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा ग्रामीणों को रोजमर्रा की जिंदगी में उठाना पड़ रहा है।

ग्राम अमलीमालगी निवासी अजय बघेल ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि उन्हें प्रतिदिन लगभग 200 मीटर की दूरी तय कर सायकिल के माध्यम से पानी लाना पड़ता है। घर की दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए वे कई बार चक्कर लगाते हैं। उनका कहना है कि यदि एक दिन भी पानी नहीं लाया जाए तो परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अजय बघेल ने बताया कि गांव में बनी विशाल पानी टंकी से नियमित रूप से सभी घरों तक पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। कई मोहल्लों में पाइपलाइन होने के बावजूद पानी नहीं पहुंचता, जिससे ग्रामीणों को दूसरे स्थानों से पानी लाना पड़ता है। विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार पानी की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ता है, तब जाकर घर की आवश्यकताओं के लिए पानी उपलब्ध हो पाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन की महत्वाकांक्षी पेयजल योजना का लाभ उन्हें पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है। करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई पानी टंकी यदि सही ढंग से संचालित नहीं हो रही है तो इसका उद्देश्य अधूरा रह जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। अजय बघेल ने कहा कि लोगों को अपने रोजगार, खेती और अन्य कार्यों की चिंता रहती है, लेकिन उनके परिवार के लिए सबसे बड़ी चिंता रोजाना पीने के पानी की व्यवस्था करना है। हर दिन सायकिल से पानी ढोना उनकी मजबूरी बन गई है। उनका कहना है कि यदि समय पर जलापूर्ति शुरू हो जाए तो ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी और महिलाओं का समय व श्रम भी बचेगा।



### समस्या का स्थायी समाधान की मांग

ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पानी टंकी और जलापूर्ति व्यवस्था की तकनीकी जांच कर जल्द आवश्यक मरम्मत कराई जाए। साथ ही खराब पाइपलाइन, मोटर या अन्य तकनीकी खामियों को दूर कर पूरे गांव में नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे और किसी भी परिवार को सायकिल या अन्य साधनों से दूर-दूर से पानी लाने के लिए मजबूर न होना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई कर ग्राम अमलीमालगी की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

**जिला अस्पताल में तीन जटिल स्त्री रोग का सफल ऑपरेशन**

# 20 सेंटीमीटर की विशाल रसौली निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सीमित संसाधनों के बीच जिला अस्पताल कवर्धा ने एक बार फिर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की मिशाल पेश की है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की टीम ने गंभीर एनीमिया और जटिल स्त्री रोगों से पीड़ित तीन महिलाओं की सफल शल्यक्रिया कर उन्हें नया जीवन दिया। तीनों मरीज अत्यधिक मासिक धर्म के कारण गंभीर रक्ताल्पता से पीड़ित थीं और ऑपरेशन से पहले रक्त चढ़ाना पड़ा। सफल ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों की स्थिति स्थिर और संतोषजनक है। पहला मामला 45 वर्षीय महिला का था, जो पिछले छः माह से अत्यधिक मासिक धर्म के कारण गंभीर एनीमिया से पीड़ित थी। भर्ती के बाद मरीज को तीन यूनिट रक्त चढ़ाया गया। जांच में एंडोमेट्रियल हाइपरप्लासिया की पुष्टि होने पर डॉ निहारिका सिंह ने सफल शल्यक्रिया की। वहीं दूसरे मामले में 50 वर्षीय महिला को अत्यधिक मासिक धर्म के कारण गंभीर एनीमिया था।

मरीज को तीन यूनिट रक्त चढ़ाने के बाद जांच में गर्भाशय में लगभग 20 सेंटीमीटर आकार और 1.2 किलोग्राम वजन की विशाल रसौली (लियोमायोमा) मिली। इस जटिल ऑपरेशन को डॉ मंजूषा यादव ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। तीसरा मामला 50 वर्षीय महिला का था, जो पिछले एक वर्ष से अत्यधिक मासिक धर्म, पेट में बढ़ती गांठ और गंभीर एनीमिया से परेशान थी। आवश्यक रक्त चढ़ाने के बाद जांच में लियोमायोमा एवं एडेनोमायोसिस की पुष्टि हुई। इसके बाद डॉ निहारिका सिंह ने सफलतापूर्वक हिस्टेरेक्टॉमी की।

इन तीनों जटिल शल्यक्रियाओं में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की टीम के साथ एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ मुकेश वालेचा तथा ऑपरेशन थिएटर (ओटी) स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्तमान में तीनों मरीज चिकित्सकीय निगरानी में भर्ती हैं और उनकी स्थिति संतोषजनक बनी हुई है।

### समय पर जांच से बच सकती हैं गंभीर जटिलताएं

चिकित्सकों ने महिलाओं से अपील की है कि यदि मासिक धर्म सामान्य से अधिक हो, लंबे समय तक रक्तस्राव बना रहे, अत्यधिक कमजोरी, चक्कर आना, हीमोग्लोबिन की कमी या पेट में गांठ जैसी समस्या महसूस हो तो इसे सामान्य मानकर अनदेखा न करें। समय पर स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श और आवश्यक जांच कराने से एंडोमेट्रियल हाइपरप्लासिया, गर्भाशय की रसौली तथा एडेनोमायोसिस जैसी बीमारियों का समय रहते उपचार संभव है, जिससे गंभीर एनीमिया और अन्य जटिलताओं से बचा जा सकता है।

# शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को पुस्तक गणवेश व चरण पादुका का वितरण

- कार्यक्रम में अतिथियों को गमछा भेंट किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का गुलाल से तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया। प्राचार्य संजय वैष्णव से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मनहर साहू मंडल महामंत्री उपस्थित थें।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, परस चंद्रवंशी सदस्य, रमेश चंद्रवंशी, जगदीश साहू, भुलाऊं चंद्रवंशी, मुरली चंद्रवंशी उपस्थित थें। वहीं कलप सिंह चंद्रवंशी द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया साथ ही सरपंच भागीरथी सोनवानी, उपसरपंच संजय चंद्रवंशी द्वारा सभी बच्चों को मिठाई का वितरण कराया गया, अरुण साहू पंच द्वारा न्योता भोज में केला फल का व्यवस्था किया गया था, डाकोर साहू समिति सदस्य द्वारा कुछ छोटे बच्चों के लिए चरण पादुका प्रदान किया गया। वहीं लालदास मानिकपुरी के द्वारा निःशुल्क गणवेश का वितरण किया गया। बबलू चंद्रवंशी पंच द्वारा बच्चों को बिस्कुट वितरण किया गया, तोषण साहू द्वारा बच्चों को कॉपी-पेन और स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की समाप्ति में पवन चंद्रवंशी के द्वारा आगंतुक अतिथियों को गमछा भेंट किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक हीराराम चंद्रवंशी, श्रीमति नंदनी लांझेकर, सुषमा लांझेकर, मोहन शर्मा, परमेश मरावी, अर्जुन चंद्रवंशी, जलेश साहू, गंगेश्वर सिंह, हेमंत कश्यप, हेमेन्द्र शर्मा सहित सभी स्टाफ का सहयोग रहा।



## सार समाचार

### धूमधाम से मनाया गया महेश नवमी पर्व

**राजनांदगांव।** माहेश्वरी पंचायत द्वारा इस वर्ष भी महेश नवमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रदेश सभा से श्री झंवर, प्रकाश लड्ढा, नंदा भट्टड़ एवं सुचिता राठी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने भी माहेश्वरी पंचायत राजनांदगांव के कार्यों की सराहना की। निवर्तमान अध्यक्ष पवन डागा के नेतृत्व में श्री माहेश्वरी पंचायत राजनांदगांव ने जो कार्य और आयोजन किए हैं, उसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। महेश नवमी पर्व की शुरूआत श्री गुप्तेश्वर महादेव के अभिषेक से की गई। तत्पश्चात युवा मंडल द्वारा रक्तदान शिविर, महिला मंडल द्वारा वृद्धाश्रम में अन्नदान, श्री माहेश्वरी पंचायत द्वारा भव्य शोभायात्रा और प्रसादी के साथ पर्व मनाया गया। अतिथियों के अलावा सूर्यकांत चितलांग्या, बृजकिशोर सुरजन, मोतीलाल सोनी, दामोदर दास मुंदड़ा, राजेंद्र लड्ढा, पवन डागा, संजय लड्डा, आनंद लोहिया, नंदकिशोर सोनी, आशीष सोनी समेत अन्य लोग शामिल थे।



### नवीन शिक्षण सत्र का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** नवीन शिक्षण सत्र के शुभारंभ अवसर पर उ.मा. विद्यालय खैरझिटी में उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर



कक्षा 9वीं की छात्राओं को शासन की योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश एवं जनपद सदस्य साकेत वैष्णव शामिल रहे। विद्यालय की प्राचार्य आशा मुदलियार ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अनुशासित जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। शीला टाकेश ने बालिकाओ को पढाई के लिए प्रोत्साहित किया और साकेत वैष्णव ने ऊंचा लक्ष्य रखने प्रेरित किया।विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि शीला टाकेश का सम्मान गमले में रोपित पौधा भेंट किया गया। विशिष्ट अतिथि साकेत वैष्णव का सम्मान श्रीफल भेंटकर किया गया।

### निधि को मिली राष्ट्रीय साधन सह प्रतिभा छात्रवृत्ति

**सोमनी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मुढ़ीपार कुमारी निधि



निषाद पिता सोहनलाल निषाद निवासी स्टेशन मुढ़ीपार का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रतिभा छात्रवृत्ति के लिए किया गया है। सफलता में शाला के मार्गदर्शक शिक्षकों भूपेंद्र यादव और हेमंत हिरवानी का विशेष योगदान रहा है। प्राचार्य दिलीप वर्मा, प्रधानपाठक परसादी राम साहू और समस्त शिक्षकों ने निधि को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। ग्राम पंचायत की सरपंच मीना साहू, गांधीराम साहू और शाला विकास समिति के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बख्शी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन

# विद्यार्थी मन लगाकर करें अध्ययन मोबाइल से बना लें दूरी: विस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शनिवार को पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्पेस एजुकेशन लैब एवं प्लैनेटेरियम का शुभारंभ किया तथा निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने बालिकाओं को मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। उन्होंने कक्षा 11वीं की पढ़ाई के लिए इसी सत्र से कॉमर्स विषय में अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई प्रारंभ करने की घोषणा की। उन्होंने स्कूल परिसर में प्रार्थना एवं सभा के लिए स्थायी डोम निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर स्पेस एजुकेशन लैब एवं प्लैनेटेरियम के माध्यम से राजनांदगांव में शिक्षा के एक नए युग का सूत्रपात हुआ है।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि इस बेहतरीन आयोजन का महत्व इसलिए बढ़ गया है कि बालिकाओं के लिए निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत जिले में 6100 साइकिल का वितरण किया जाना है और आज यहां स्कूल में 120 बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बालिकाएं स्कूल जाएं और उनकी पढ़ाई बाधित न हो। इसके लिए पहली से आठवीं तक के 82358 बच्चों को निःशुल्क गणवेश तथा पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया है। वहीं कक्षा 9वीं एवं 10वीं के 23275 विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जा रहा है। यहां स्कूल में ऑडिटोरियम, स्पेस एजुकेशन लैब एवं प्लैनेटेरियम की सौगात मिली है और स्कूल में अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि बेटियों ने छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है।



#### पढ़ाई के लिए हरसंभव कार्य : सांसद

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि यह केवल विद्यार्थियों के लिए नहीं, बल्कि अभिभावकों के लिए भी महत्वपूर्ण है। विद्या धन के लिए शुभारंभ का महत्व है, इसके लिए सरकार ने अनेक तैयारियां की है। इसी कड़ी में आज यहां बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया है।

#### मोबाइल से रहे दूर

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मेहनत करें और मन लगाकर अध्ययन करें। पढ़ाई के लिए मोबाइल से दूरी बना लें तथा रील न बनाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर, एसपी, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर एवं विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं देने मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने बताया कि 18 से 20 करोड़ रुपए की लागत से राजनांदगांव में नालंदा परिसर में लाईब्रेरी बन जाने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए किताबें खरीदने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि स्कूल कैम्पस में बाक्सिंग रिंग एवं तीरंदाजी के लिए सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

#### एजुकेशन लैब का निर्माण

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि 25-25 लाख रुपए की लागत से डीएमएफ मद से स्पेस एजुकेशन लैब एवं प्लैनेटेरियम का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही परिसर में बाक्सिंग रिंग का संभाग स्तरीय शुभारंभ किया गया है।

### लोकतंत्र का काला अध्याय रहा है कांग्रेस की इमरजेंसी : राजेश

**राजनांदगांव।** प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह-कार्यालय प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने देश के लोकतंत्र पर कांग्रेस की इमरजेंसी को काला दाग बताते कहा कि सिर्फ एक संसदीय क्षेत्र रायबरेली चुनाव को हाईकोर्ट द्वारा रद्द कर दिए जाने से सन 1975 में कांग्रेस द्वारा देश में आपातकाल लगा दिया गया।



इमरजेंसी का विरोध करने वाले सम्माननियों तथा देश के बड़े-बड़े नेताओं को जेल में ठूंस दिया गया। देश के जुझारू नेता राजनारायण को रायबरेली से फर्जी चुनाव कराकर हरा देने वाली तत्कालीन प्रधानमंत्री रही इंदिरा गांधी ने कोर्ट के आदेश को नहीं माना और हार के डर से देश में आपातकाल थोप दिया, सिर्फ एक चुनाव क्षेत्र के लिए इंदिरा गांधी ने पूरे देश को आपातकाल की भट्ठी में झोंक दिया। इंदिरा गांधी के इस तानाशाही की लगभग सभी राजनीतिक दलों ने विरोध किया। आंदोलन किए जाने पर सभी बड़े नेताओं को मीसा कानून के तहत जेल में धकेल दिए गए।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
- मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
- पेशाब की धार कमजोर होना
- पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
- यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
- किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
- किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
- सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

# जनदर्शन कार्यक्रम सुशासन की दिशा में एक पहल - नीलू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्यटन मंडल अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नीलू शर्मा द्वारा आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को अध्यक्ष के समक्ष रखा। नीलू शर्मा ने प्रत्येक आवेदक से आत्मीयता पूर्वक चर्चा करते उनकी समस्याओं की जानकारी ली। आवेदनों में राजस्व, सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य जनहित से जुड़े विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष मामलों के लिए निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को अपनी समस्याएं सीधे पर्यटन मंडल अध्यक्ष श्री शर्मा के समक्ष रखने का अवसर प्राप्त हुआ। इस पहल से शासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूती मिली है। श्री शर्मा ने कहा कि जनता की सेवा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से जनहित के कार्यों में लापरवाही न बरतने और आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों से बचाने का आग्रह किया।



कार्यक्रम में लोगों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते जनदर्शन कार्यक्रम को जनकल्याणकारी पहल बताया। क्षेत्र के विकास एवं आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता रहेगा। जनदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

0 **राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत गांव में वाद-विवाद करने के मामले में शांतिभंग होने की आशंका पर लालबाग पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.



# कवर्धा जिले में 30% बीज का ही वितरण, एमएमसी में भी आंकड़े पिछड़े

## मानसून की बेरूखी से किसान परेशान, खाद के साथ बीज के संकट ने भी बढ़ाई दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

खरीफ सीजन की शुरूआत के साथ ही क्षेत्र में कृषि गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ ली है। किसानों की सहूलियत और समय पर बुवाई सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता और कृषि विभाग द्वारा बीजों के भंडारण और वितरण की व्यवस्था की जा रही है। शुरूआती दौर में बीज को लेकर संकट की स्थिति नजर आ रही थी। हालांकि अब बीज का भंडारण बढ़ने लगा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार केवल कवर्धा में ही मांग के मुकाबले 30 फीसदी वितरण हुआ है, शेष तीनों जिलों में वितरण का प्रतिशत बेहतर देखने को मिल रहा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस साल चारों जिलों को मिलाकर अब तक कुल 22988.06 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है। जिसमें से 15626.16 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है। इन चारों जिलों में सबसे कम भंडारण कबीरधाम जिले में हुआ है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि किसान पिछले पखवाड़े से खेती के कामों में जुट गए हैं और उन्हें बीजों की सख्त जरूरत है। कम भंडारण के चलते बाजार में कालाबाजारी बढ़ने की आशंका है। हालांकि प्रशासन समितियों में उपलब्धता की लगातार निगरानी कर रहा है। इस साल के भंडारण और वितरण के आंकड़ों की तुलना पिछले वर्ष की कुल खपत से की जाए, तो विभाग के सामने आने वाले दिनों में वितरण को और तेज करने की चुनौती होगी। पिछले वर्ष इन चार क्षेत्रों में 24952.10 क्विं. बीज का वितरण किया गया था।

### नांदगांव की स्थिति बेहतर

वर्तमान स्थिति को देखें तो राजनांदगांव जिले में बीज की स्थिति सबसे बेहतर नजर आ रही है। यहां इस साल अब तक 11004.46 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है। इसमें से 7792.70 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है और समितियों के पास 3211.76 क्विंटल बीज सुरक्षित बचा है। जबकि पिछले साल यहां 10426.16 क्विंटल बीज बंटा था। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में इस बार कुल 4893.60 क्विंटल बीज का भंडारण हुआ है। इसमें से 3889.00 क्विंटल का वितरण किया जा चुका है और समितियों के पास 1004.60 क्विंटल बीज का स्टॉक शेष है। पिछले साल यहां 5511.40 क्विंटल बीज वितरित हुआ था।



### वितरण में तेजी जरूरी

इसी तरह मोहला मानपुर चौकी जिले में अब तक 3897.40 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है। किसानों को 2626.20 क्विंटल बीज का वितरण हो चुका है और 1271.20 क्विंटल स्टॉक में बचा है। जबकि पिछले साल यहां 4230.40 क्विंटल बीज की खपत हुई थी। इसके विपरीत कबीरधाम जिले में बीज का भंडारण सबसे कम हुआ है। यहां अब तक केवल 3192.60 क्विंटल बीज ही भंडारित हो पाया है। इसमें से महज 1318.26 क्विंटल बीज बांटा गया है। जबकि 1874.34 क्विंटल स्टॉक अभी भी समितियों के पास है। पिछले साल यहां 4784.14 क्विंटल बीज का वितरण किया गया था।

## राजस्व के पंचायतों में वितरण और उपयोग को लेकर बदला नियम

# डीएमएफ बंटवारे में बदलाव: पंचायतों को राशि के वितरण का फार्मूला बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने गौण खनिजों से प्राप्त रॉयल्टी राजस्व के पंचायतों में वितरण और उसके उपयोग को लेकर नई व्यवस्था लागू कर दी है। खनिज साधन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व का एक हिस्सा सीधे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। जबकि शेष राशि का बंटवारा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के बीच निर्धारित स्लैब के आधार पर किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

सरकार ने 10 अक्टूबर 2012 को जारी पुराने आदेश में आंशिक संशोधन करते यह नई व्यवस्था लागू की है। आदेश के मुताबिक छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत पूर्ववत वित्तीय वर्ष में गौण खनिजों से प्राप्त कुल राजस्व का 33 प्रतिशत हिस्सा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दिया जाएगा। इसके बाद शेष 67 प्रतिशत राशि का वितरण संबंधित पंचायत संस्थाओं के बीच किया जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत जिन क्षेत्रों में गौण खनिज से प्राप्त राशि 7.50 लाख रुपए तक होगी, वहां पूरी राशि ग्राम पंचायत को मिलेगी। 7.50 लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक की राशि में ग्राम पंचायत को 80 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 10-10 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। इसी प्रकार 10 लाख रुपए से 25 लाख रुपए तक की राशि ग्राम पंचायत को 70 प्रतिशत और जनपद व जिला पंचायत को 15-15 प्रतिशत हिस्सा दिया जाएगा। 25 लाख रुपए से 50 लाख रुपए तक की राशि पर ग्राम पंचायत का हिस्सा 60 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत का हिस्सा 20-20 प्रतिशत रहेगा। वहीं 50 लाख रुपए से अधिक की राशि होने पर ग्राम पंचायत को 50 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 25-25 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा।

### ग्रामीण इलाकों में तेजी से बढ़ेगी विकास की रफ्तार



### प्रभावित इलाकों में खर्च होगी राशि

नई नीति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिला पंचायत को मिलने वाली राशि का उपयोग केवल उन्हीं क्षेत्रों के विकास कार्यों में किया जाएगा, जहां खनन गतिविधियां संचालित हो रही है। इसके लिए क्षेत्र खनन स्थल से 15 किलोमीटर की परिधि के भीतर होना चाहिए और वहां खनन के प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे हो। इससे खदान प्रभावित गांवों और बस्तियों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है।

### 2022-23 से लागू मानी जाएगी नई व्यवस्था

आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और उससे पूर्व की अवधि में वितरित राशि का उपयोग पुराने आदेश के अनुसार ही किया जाएगा। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 और उसके बाद प्राप्त होने वाली गौण खनिज राजस्व राशि का वितरण और व्यय नई व्यवस्था के तहत किया जाएगा। पुराने आदेश के अन्य प्रावधान यथावत बने रहेंगे। खनिज साधन विभाग का यह निर्णय ऐसे समय आया है, जब खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं और स्थानीय विकास कार्यों को लेकर लगातार मांग उठती रही है। नई व्यवस्था के जरिये सरकार ने राजस्व के उपयोग को अधिक लक्षित बनाते खदान प्रभावित क्षेत्रों तक विकास का लाभ पहुंचाने की कोशिश की है।

### स्कूलों, अस्पतालों पर खर्च की अनुमति

सरकार ने पंचायतों को मिलने वाली राशि के उपयोग के लिए कुछ नए कार्य भी शामिल किए हैं। अब इस राशि से स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में ओवरहेड टैंक सहित रनिंग वाटर की सुविधा विकसित की जा सकेगी। सामुदायिक शौचालयों में पानी की व्यवस्था, मुक्तिधाम निर्माण एवं संधारण, वहां तक पहुंच मार्ग का निर्माण तथा वाचनालयों की स्थापना जैसे कार्य भी इस मद से किए जा सकेंगे।




## बाइक से शराब लाते दो गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 55 पाव देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 जून को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बोरतालाव रोड की ओर से निर्धारित मात्रा से अधिक शराब लेकर आ रहे हैं, जिस पर पुलिस ने मौके पर नाकाबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 55 पाव देशी प्लेन शराब तथा बाइक बरामद हुई।



**आरोपियों पर कार्रवाई:** पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते दोनों आरोपियों शत्रुहन उर्फ करण 20 वर्ष निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़ व तोरण पटेल 22 वर्ष निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक भूषण चंद्राकर, प्रधान आरक्षक रूपेश देवांगन, आरक्षक अशोक यादव, किशन चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# बस स्टैंड के पास गांजा तस्करी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- बैग में छिपाकर रखे थे गांजा के पैकेट
- चिचोला पुलिस की कार्रवाई

बैग में अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री हेतु बस स्टैंड के पास खड़े दो तस्करों को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। पकड़े गए आरोपियों से 23.270 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।



पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा चलाए जा रहे मादक पदार्थ रोकथाम उन्मुलन अभियान हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस कीर्तन राठौर व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केसरीनंदन नायक के दिशा-निर्देशन पर पुलिस चौकी प्रभारी चिचोला निरीक्षक योगेश पटेल व स्टाफ द्वारा दो गांजा तस्करों को पकड़ा गया। आरोपियों का कृत्य धारा-20 बी एनडीपीएस का घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। संपूर्ण कार्रवाई में चौकी प्रभारी योगेश पटेल, सहित अन्य स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 26 जून को रात्रि के समय पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि चिचोला बस स्टैंड के पास 2 व्यक्ति बैग में मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना पर संदेहियों को तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा। नाम-पता पूछने पर अपना नाम मोहम्मद समीर 28 साल व आयाज खान 39 वर्ष निवासी अकोला जिला महाराष्ट्र बताया। जिनके कब्जे से दो अलग-अलग बैग में 10-10 पैकेट मादक पदार्थ गांजा टेप लगा हुआ, कुल वजन 23.270 किलोग्राम कीमती 10,10000 रुपए बरामद हुआ। जिसको गवाहों के समक्ष जब्ती कार्रवाई किया गया।

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909


# नहर में भरा कूड़ा कचरा, सफाई नहीं

## किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

- पानी नहीं मिलने से खेती पर पड़ेगा असर

वनांचल से लगे गांव के किसानों को नहर की सफाई नहीं होने से सिंचाई के लिए पानी मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। विभाग ने नहर सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता किया है। ज्ञात हो कि जीराटोला, मानपुर, खैरबना, खैरा सहित आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए जल आपूर्ति कराने के उद्देश्य से जीराटोला जलाशय का निर्माण कराया गया है। निर्माण के बाद से नहर के माध्यम के जल प्रदान किया जा रहा है परन्तु नहर के माध्यम से दर्जन भर से अधिक किसानों को कुछ साल से पानी नहीं मिलने की शिकायत मिल रही है जिसकी वजह नाली का पट जाना तथा पुल के नीचे जाम होना है। इस मामले की शिकायत के बाद भी नहर की सफाई नहीं किया गया है।



### भरना देने के बाद भी पानी नहीं मिला

जीराटोला के हीरालाल पटेल, कपूर खुशरो, मानसिंग साहू, मंथिर साहू, उत्तम रोडगे आदि ने बताया कि उनकी कृषि भूमि नहर के समीप है। उन्हें कृषि के लिए पानी मिलते रहा है। कुछ सालों से नहर में पानी नहीं आ रहा है। नहर से पानी नहीं मिलने से अपेक्षित उत्पादन नहीं हो रहा है।

### शिकायत पर कार्रवाई नहीं

नहर से पानी नहीं मिलने तथा हर साल भरना लेने को लेकर किसानों ने खैरा नवापारा में आयोजित सुशासन शिविर में शिकायत किया था। विभाग से बरसात पूर्व नहर की सफाई कराने की मांग किया था ताकि किसानों को पानी मिल सके। विभाग ने नहर सफाई के नाम केवल औपचारिकता पूरा किया है। किसानों ने बताया कि उन्हें इस साल भी पानी मिलना मुश्किल है।

### तीन साल से नहीं मिल रहा पानी

जीराटोला, मानपुर के किसानों ने बताया कि उन्हें हर साल जीराटोला जलाशय से पानी मिल जाता था, परन्तु किसानों को बीते तीन साल से भरना पटाने के बाद भी पानी नहीं मिल रहा है। पंचायत के केसलाल मंडावी ने बताया कि उक्त नहर में जगह जगह मिट्टी भर गई । सड़क क्रासिंग एवं पुल के पास नाली जाम है। मिट्टी और कूड़ा कचरा से पट जाने से जलाशय का पानी खेतों तक नहीं पहुंच रहा है।

**संजीवनी** नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**स्त्री रोग विभाग**

उपलब्ध सुविधाएं...

+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार

OPD : 1 PM to 5.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# खाद छोड़ने आए ड्राइवर की ट्रक की केबिन में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राजनांदगांव से अंबागढ़ चौकी नगर पहुंचे खाद से भरी सरताज ट्रांसपोर्ट की ट्रक ड्राइवर की शनिवार सुबह गाड़ी के केबिन में सोए हुए परिस्थिति में शव मिलने से हड़कप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव के सरताज ट्रांसपोर्ट की ट्रक क्रमांक सीजी-08-बी-1795 में अंबागढ़ चौकी बाजार चौक के व्यापारी खंडेलवाल ट्रेडर्स में शुक्रवार दिन को खाद भरकर पहुंची खाद अनलोड होने के बाद व्यापारी के गोदाम के सामने गाड़ी खड़ा कर ड्राइवर पुनीत मंडावी राजनांदगांव निवासी सो गया। शनिवार सुबह ट्रक के केबिन के भीतर सोए हुए अवस्था में ड्राइवर मृत मिला। घटना की खबर पाते ही अंबागढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रक मालिक तथा ड्राइवर के परिजनों को सूचना देते हुए पीएम कराया गया। पुलिस अपनी जांच कर रही है।

### खाद लेकर पहुंचा था

खाद लेकर ड्राइवर अंबागढ़ चौकी पहुंचा था। रात को सोए हुए अवस्था में उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि ड्राइवर की मौत हार्टअटैक से हुई है। आगे की जांच कार्रवाई किया जा रहा है।

- **अश्वनी राठौर**, थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी

## कर्बला की याद में फल वितरण




**डोंगरगढ़।** मुस्लिम समाज की जानिब से मोहर्रम के अवसर पर शहीद-ए-शोहदा-ए-कर्बला इमाम हुसैन एवं उनके वफादार साथियों की अजीम कुर्बानी को ख़िराज-ए-अकीदत पेश करते हुए सेवा और इंसानियत का अनूठा संदेश दिया गया। इस अवसर पर सरकारी अस्पताल, वृद्धाश्रम एवं रेलवे स्टेशन में फल वितरित किए गए। इस दौरान समाज के सदस्यों ने कहा कि कर्बला की घटना केवल ऐतिहासिक प्रसंग नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान की मिसाल है। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के पदाधिकारी, युवा आदि शामिल हुए।

## ग्रामसभा कई विषयों पर चर्चा

**तुमडीबोड़।** ग्राम में शुक्रवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कई विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के मापदंडों की जानकारी दी गई तथा आवास प्लस 2.0 की सूची का अनुमोदन किया गया। प्रतीक्षा सूची का वाचन कर मार्गदर्शिका एवं एसओपी के निर्देशानुसार प्राथमिकता सूची तैयार की गई। ग्राम सभा में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन की मार्गदर्शिका का वाचन किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना अंतर्गत 17 हितग्राहियों ने सोलर पैनल स्थापित कराया है। ग्राम के 13 हितग्राहियों के आवेदन प्रक्रियाधीन है।



### नहर में कचरा डालने पर आपत्ति

ग्रामसभा में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में स्थित मोटल ज्वारा रिसोर्ट को पर्यटन विभाग ने 60 वर्षों की लीज पर चौहान ग्रुप को दिया है। भवन का मलबा सिंचाई नहर में डाला जा रहा है, जिससे किसानों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के निराकरण के लिए चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

### विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

**सोमनी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में पालकों की बैठक आयोजन प्राचार्य सविता अवस्थी की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में बताया गया कि प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा।

बैठक में सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर नरोत्तमदास बंजारे, उपाध्यक्ष अनिता साहू का चयन किया गया। प्राचार्य श्रीमती अवस्थी पदेन सचिव होंगी। शिक्षाविद् के रूप में योगेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य मंजू पटेल, सुनील भागवत, ईश्वरी कोर्राम, निर्मला राजपूत एवं जीडी गुरु होंगे। पालक सदस्यों के रूप में सुखदेव साहू, योगेश्वरी वर्मा, अन्नु जोशी, लोकेश खांडे, भीखम मारकंडे, गजेन्द्र बंजारे, धनराज साहू, संगीता बंजारे, लक्ष्मी सोनी, तीजूराम चक्रधारी, अशोक साहू, मिथिला सिवारे, कामीन कोसरे को शामिल किया गया है।

जिलेभर के गांवों में लगातार बैठकें आयोजित कर किसानों को संगठित किया जा रहा

# गन्ना भुगतान को लेकर भरी हुंकार 30 को ट्रैक्टर रैली के साथ चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

गन्ना किसानों के लंबित भुगतान को लेकर भारतीय किसान संघ ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। वर्षों से भुगतान की मांग पूरी नहीं होने से नाराज किसानों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए 30 जून को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना के सामने परसवारा चौक में ट्रैक्टर रैली निकालकर चक्काजाम और प्रदर्शन करने की घोषणा की है। आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिलेभर के गांवों में लगातार बैठकें आयोजित कर किसानों को संगठित किया जा रहा है।

भारतीय किसान संघ का आरोप है कि शक्कर कारखाना प्रबंधन की लापरवाही और कुप्रबंधन के कारण किसानों को गन्ने का भुगतान समय पर नहीं मिल पाया है। इससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ का कहना है कि कई बार ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन, रैली और आंदोलन के माध्यम से शासन-प्रशासन एवं कारखाना प्रबंधन का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। संगठन के पदाधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों के साथ बैठकें कर रहे हैं और ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने की रणनीति तैयार कर रहे हैं। किसानों से अपील की जा रही है कि वे स्वयं के साथ खेती-किसानी में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर लेकर भी आंदोलन में शामिल हों, ताकि किसानों की एकजुटता का प्रभावी संदेश शासन और कारखाना प्रबंधन तक पहुंच सके।

### गांव गांव से ट्रैक्टर में आएगें किसान



भारतीय किसान संघ ने प्रत्येक गांव से कम से कम पांच ट्रैक्टरों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया है। संगठन का मानना है कि बड़ी संख्या में किसानों और ट्रैक्टरों की मौजूदगी गन्ना किसानों की नाराजगी को प्रभावी ढंग से सामने लाएगी और लंबित भुगतान के मुद्दे पर दबाव बनाएगी।

### मेहनत की कमाई रोकना किसानों के साथ अन्याय

किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि गन्ना किसानों का लंबित भुगतान शीघ्र नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शक्कर कारखाना प्रबंधन और शासन की होगी। उनका कहना है कि किसानों की मेहनत की कमाई रोकना अन्याय है और अब किसान अपने अधिकार के लिए निर्णायक संघर्ष करने को तैयार हैं।

# हितग्राहियों का किया सम्मान, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने दिलाया संकल्प

- नशे से दूर रहकर जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




विश्व नशा निरोध दिवस के अवसर पर भोरमदेव नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, सैगोना में जागरूकता एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा उपचार के बाद नशामुक्त जीवन की ओर लौटे हितग्राहियों का सम्मान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त एवं अनुदानित केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

इस दौरान उन्होंने उपचाररत हितग्राहियों से संवाद कर नशे के कारणों, उससे होने वाले दुष्प्रभावों एवं बचाव के उपायों पर चर्चा की। साथ ही हितग्राहियों द्वारा तैयार किए गए नशा निरोध विषयक पोस्टरों का अवलोकन कर उनकी सराहना की।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि शिवमंगल महिला समिति दुर्ग की अध्यक्ष शोभना यादव ने कहा कि नशे की लत छोड़ना साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज के सहयोग से नशामुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर उपचार एवं पुनर्वास की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्त रहने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

इस कार्यक्रम में केंद्र की कर्मचारी अर्चना सिंह, पाल सिंह, अरविंद, हिमांशु, सीताराम, नीतेश, लखन, सीता, राजेंद्र एवं सतीश सहित अन्य कर्मचारी, हितग्राही एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन में सभी ने नशामुक्त भारत-स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सामूहिक रूप से योगदान देने का संकल्प लिया।

# सरोधा डेम में दोस्तों के साथ नहाने गए युवक का मिला शव

## शुक्रवार देर शाम व शनिवार पूरे दिन सर्च अभियान चला

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सरोधा डेम में दोस्तों के साथ नहाने गए 22 वर्षीय युवक का शव घटना के 24 घंटे से अधिक समय बाद देर शाम डेम से बरामद कर लिया गया। पुलिस, एसडीआरएफ, गोताखोरों और परिजनों के संयुक्त प्रयास से चलाए गए लगातार रेस्क्यू अभियान के बाद शव मिलने से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान शुभम मल्लाह (22 वर्ष), निवासी निषाद पारा, कवर्धा के रूप में हुई है। शुक्रवार को शुभम अपने तीन दोस्तों के साथ भोरमदेव थाना क्षेत्र अंतर्गत सरोधा डेम के पीछे स्थित डुबान क्षेत्र में नहाने गया था। उस समय क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान भी चल रहा था।

बताया जा रहा है कि चारों दोस्त डेम में नहा रहे थे। इसी दौरान शुभम अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते लापता हो गया। साथियों ने काफी देर तक तलाश की, लेकिन जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों और भोरमदेव थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। शुक्रवार देर शाम तक तथा शनिवार पूरे दिन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अंततः देर शाम युवक का शव डेम से बरामद कर लिया गया।



### गोताखोरों और परिजनों के प्रयास से मिला डेडबॉडी

डीएसपी मुख्यालय आशीष शुक्ला ने बताया कि पुलिस, गोताखोरों और परिजनों के संयुक्त प्रयास से देर शाम सरोधा डेम से युवक का शव बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद सरोधा डेम सहित जिले के अन्य जलाशयों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रशासन ने लोगों से बारिश के मौसम में डेम, जलाशयों और गहरे पानी वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने तथा जोखिम उठाकर नहाने से बचने की अपील की है।

# लाठी लेकर सड़क पर उतरे किसान, घुमंतू अवारा मवेशियों के खिलाफ ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

- फसलों और सड़क हादसों से बचाव के लिए सिंघनपुरी के ग्रामीणों की अनूठी पहल।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जब घुमंतू मवेशियों से फसलें उजड़ने लगीं और नेशनल हाईवे पर लगातार सड़क हादसों का खतरा बढ़ने लगा, तब सिंघनपुरी के किसानों ने प्रशासन का इंतजार करने के बजाय खुद मोर्चा संभाल लिया। अब गांव के किसान हाथों में लाठी लेकर दिन-रात सड़क किनारे पहरा दे रहे हैं। उनका उद्देश्य न केवल अपनी मेहनत से तैयार फसलों को बचाना है, बल्कि राहगीरों की जान की सुरक्षा भी सुनिश्चित करना है। किसानों की यह सामूहिक पहल पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के ग्रामीण लंबे समय से घुमंतू मवेशियों की समस्या से जूझ रहे थे। ग्राम जोराताल, सिंघनपुरी, बरबसपुर और बीजाझोरी से होकर गुजरने वाले बिलासपुर नेशनल हाईवे पर बड़ी संख्या में मवेशी सड़क के बीच बैठे रहते थे। इससे आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं और कई दोपहिया चालक व राहगीर घायल हो चुके हैं।

यही मवेशी आसपास के खेतों में घुसकर धान, सब्जी तथा अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे थे। लगातार हो रहे आर्थिक नुकसान से परेशान किसानों ने गांव में बैठक आयोजित कर समस्या के समाधान के लिए सामूहिक निर्णय लिया। बैठक में तय किया गया कि गांव के प्रत्येक घर से एक सदस्य इस अभियान में सहयोग करेगा। इसके तहत तीन से पांच लोगों की टीमें गठित की गई हैं, जो बारी-बारी से दिन और रात सड़क तथा खेतों के आसपास पहरा देती हैं। जैसे ही मवेशी सड़क या खेतों की ओर बढ़ते हैं, उन्हें सुरक्षित तरीके से वहां से हटाकर दूर ले जाया जाता है।





### सामूहिक पहल का दिखने लगा असर

ग्रामीणों की इस मुहिम का सकारात्मक असर अब नजर आने लगा है। जिस नेशनल हाईवे पर पहले हर समय मवेशियों का जमावड़ा रहता था, वहां अब स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में है। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है और किसानों की फसलें भी पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित हो गई हैं।

### स्थायी समाधान की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि उनकी यह पहल केवल फसलों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा और जनहित से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आवारा मवेशियों के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए तथा गौठानों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को स्वयं सड़क पर उतरकर पहरेदारी करने की नौबत न आए। ग्रामीणों की यह पहल सामाजिक सहभागिता, सामुदायिक जिम्मेदारी और जनहित का ऐसा उदाहरण बन गई है, जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

## स्मार्ट पुलिसिंग की ओर कवर्धा पुलिस का बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अपराध विवेचना को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में कबीरधाम पुलिस ने महत्वपूर्ण पहल की है। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा ASUMP Scheme AAP 2025-26 के तहत जिले को 120 मोबाइल डेटा टर्मिनल (स्मार्ट मोबाइल फोन) उपलब्ध कराए गए, जिनका वितरण शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल की उपस्थिति में 20 निरीक्षक, 38 उप निरीक्षक और 62 सहायक उप निरीक्षक स्तर के विवेचकों को ये डिवाइस वितरित किए गए। इन स्मार्ट डिवाइसों के माध्यम से विवेचक घटनास्थल से ही ऑनलाइन रिकॉर्ड, पुलिस एप्लीकेशन, डिजिटल साक्ष्य संधारण एवं अन्य आवश्यक जानकारियों तक त्वरित पहुंच बना सकेंगे, जिससे विवेचना की गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार होगा।पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आधुनिक तकनीक प्रभावी पुलिसिंग की आधारशिला है। मोबाइल डेटा टर्मिनल से अपराध अनुसंधान अधिक तेज, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण होगा तथा नागरिकों को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

## कार की टक्कर से बछड़ा घायल, किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पुराने बस स्टैंड पंडरिया में शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे एक कार की टक्कर से एक बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके पैर में गंभीर चोट आई। सूचना मिलने पर बेजुबा सेवा समिति के सदस्य सुमीत तिवारी मौके पर पहुंचे और घायल बछड़े का प्राथमिक उपचार कराया।

## आपातकाल लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय: हरीश लुनिया



कवर्धा। भाजप जिला कबीरधाम द्वारा आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ पर आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय विषय पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 1975 के आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसा बंदियों एवं उनके परिजनों का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। संगोष्ठी के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौन रैली निकालकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता एवं आपातकाल के दौरान मीसा बंदी रहे हरीश लुनिया ने अपने संबोधन में उस दौर के अनुभव साझा करते हुए कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। उन्होंने नागरिक अधिकारों के हनन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगाए गए प्रतिबंध और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर पड़े प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर को कभी भुलाया नहीं जा सकता। संगोष्ठी के उपरांत भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मौन रैली निकालकर आपातकाल का विरोध दर्ज कराया तथा लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजेंद्र चंद्रवंशी, मोतीराम चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट एवं संतोष पटेल, अनिल सिंह ठाकुर, जसविंदर बग्गा, भुनेश्वर चंद्राकर, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल एवं मुकेश सिंह ठाकुर, प्रदीप केवर्थ, महेंद्र घृतलहरे एवं राजू श्रीवास्तव सहित मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के संयोजक एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# सेमरकोना में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विद्यालय खुलते ही नवप्रवेशी बच्चों के मन से संकोच और डर को खत्म करने और शासन के योजनाओं को क्रियान्वित करने हेतु विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत स्थित संकुल केंद्र सेमरकोना में शिक्षा विभाग के आदेशानुसार भव्य शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया ।

प्रवेश उत्सव की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण और सरस्वती वंदना की गई । उसके पश्चात आगंतुक अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया । वही प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन संकुल समन्वयक राजेंद्र कुमार खांडे एवं संकुल में पदस्थ प्रधानपाठकों के द्वारा किया गया। प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी कक्षा पहली एवं छठवीं के छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर सरपंच श्रीमती उत्तरा धुर्वे, हेमंत सिंगरौल, उपसरपंच शेष कुमार द्वारा मिठाई खिलाया गया। पंच चंद्रिका प्रसाद कुर्रे व कृपाल धुर्वे के द्वारा बच्चों को पुष्प माला भेंट किया गया । कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया । न्योता भोज का आयोजन प्राथमिक प्रधान पाठक सुरेश सिंगरौल के द्वारा और स्व समूह संचालक श्रीमती अंबे बाई कुर्रे के द्वारा सब्जी पूड़ी और राजेंद्र खांडे सर के द्वारा फल मेंकेला और मिठाई खिलाया गया । संकुल प्राचार्य संजय वैष्णव में उपस्थित रहे । वही कार्यक्रम को सफल में दिलीप मिश्रा , सुशील साहू , सरजू चंद्रवंशी, कौशल चंद्रवंशी रामकुमार साहू, शत्रुहन चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा वही सभी संकुल शिक्षक कार्यक्रम में उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों एवं पालकों में उत्साह देखने को मिला ।



पहाड़ी क्षेत्र में बैलों के बिना खेती मुश्किल, बुआई होगी प्रभावित

# आकाशीय बिजली गिरने से तीन बैलों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

पंडरिया विकासखंड के सुदूर वनांचल स्थित ग्राम तेलियापानी (धोबे) में शनिवार को आकाशीय बिजली ने एक किसान की आजीविका पर कहर बरपा दिया। खेत में चर रहे किसान के तीन बैलों की बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। धान बुआई के सबसे महत्वपूर्ण समय में बैलों की मौत से किसान के सामने खेती का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा देने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भेलकी के आश्रित ग्राम तेलियापानी निवासी गुलाब सिंह (पिता महपाल) के तीनों बैल शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे खेतों में चर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते आकाशीय बिजली सीधे बैलों पर गिर गई, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि तेलियापानी पहाड़ी एवं पथरीला क्षेत्र है, जहां आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करना बेहद कठिन है। यहां अधिकांश किसान आज भी खेती के लिए बैलों पर ही निर्भर हैं। वर्तमान में धान बुआई का समय चल रहा है और ऐसे समय में बैलों की मौत किसान के लिए बड़ी आर्थिक क्षति है। ग्रामीणों का कहना है कि एक सामान्य किसान परिवार की पूरी खेती दो बैलों के सहारे होती है। ऐसे में एक साथ तीन बैलों की मौत ने गुलाब सिंह के परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से गहरा आघात पहुंचा है। अब उनके सामने खेती का काम रुकने और आजीविका प्रभावित होने का संकट खड़ा हो गया है।

### मुआवजे की मांग

घटना के बाद वनांचल के ग्रामीणों ने शासन और जिला प्रशासन से पीड़ित किसान को तत्काल आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते सहायता मिलने पर किसान नए बैल खरीदकर खरीफ सीजन की खेती शुरू कर सकेगा, अन्यथा पूरे वर्ष उसकी आजीविका प्रभावित हो सकती है।

